आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

वर्ष-11 । अंक 165 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, भोपाल, रायपुर व बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, गुरुवार, 19 जून, 2025

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 241 होम-स्टे का किया वर्चुअल लोकार्पण, कहा-

# आत्मनिर्भरता और आत्म गौरव का प्रभावी माध्यम ग्रामीण पर्यटन

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रामीण रंग पर्यटन संग राज्य स्तरीय उत्सव को किया संबोधित

संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्रामीण पर्यटन आत्मनिर्भरता और आत्म गौरव का प्रभावी माध्यम है। ग्राम स्तर पर पर्यटन गतिविधियों से जहां युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक उन्नति के अवसर उपलब्ध होते हैं, वहीं पर्यटन गतिविधियां, हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, तीज-त्योहार-पर्व और खानपान को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में भी सहायक होती हैं। प्रदेश में विकसित हो रहे होम-स्टे भारतीय सांस्कृतिक परंपरा के 'अतिथि देवो भवः' के भाव को चरितार्थ करने का माध्यम बन रहे हैं। होम-स्टे संचालनकर्ता और राज्य सरकार का यह प्रयास है कि प्रदेश में आने वाले सभी अतिथि प्रदेश के बारे में सकारात्मक छवि और अच्छी स्मृतियां साथ लेकर जाएं। पर्यटन के साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य विभाग आदि समन्वित रूप से इस दिशा में कार्य कर रहे हैं। भारतीय संस्कृति में तीर्थाटन की परंपरा सदियों से रही है। दुनिया के लोग शौक और आनंद के लिए घर से निकलते हैं, वहां भारत के लोग चारधाम की मोक्ष यात्रा पर निकलते हैं, जहां वे सनातन सांस्कृतिक मूल्यों को आत्मसात करते हुए अन्य प्रदेशों की विविध जीवनशैली और परंपराओं से परिचित होते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भारतीय मूल्यों के अनुरूप परस्पर विश्वास की भावना को बढ़ा रहे हैं। वैश्विक स्तर पर उथल-पुथल के बावजूद भी देश प्रगति पथ पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रामीण रंग पर्यटन संग राज्य स्तरीय उत्सव को संबोधित करते हुए यह विचार व्यक्त किए। उन्होंने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### पर्यटन को बढ़ावा देने हुए एमओयू

कार्यक्रम में ग्रामीण पर्यटन के विकास के लिए सिग्निफाइंग और टूरिज्म बोर्ड के बीच 61 गांवों में एलईडी एवं सोलर लाइट्स लगाने के लिए एमओयू का आदान प्रदान किया गया। साथ ही स्कोप ग्लोबल स्किल यूनिवर्सिटी और टूरिज्म बोर्ड के बीच फिल्म निर्माण एवं डिजिटल प्रमोशन के लिए एमओयू और एमपी टूरिज्म बोर्ड एवं एमपीएसईडीसी के बीच एमओयू का आदान-प्रदान किया गया।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने होम-स्टे संचालकों से किया संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने होम-स्टे निर्माण में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने वाले नर्मदापुरम, आगर, छतरपुर, निवाड़ी, मुरैना, सीहोर, सीधी और पन्ना सहित 10 जिला कलेक्टरों को सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 37 जिलों में होम-स्टे निर्मित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिलों में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ाने में सहयोग प्रदान करने के लिए 16 ग्राम पंचायतों के सरपंच और डीएटीसीसी सहित संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा समेत अन्य जिलों के होम-स्टे संचालकों से संवाद भी किया।

### पर्यटकों की संख्या में हुई 526 प्रतिशत की वृद्धि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में 2020 की तुलना में 2024 में 526 प्रतिशत अधिक पर्यटक आए। ओरछा, खजुराहो के अलावा प्रदेश में कान्हा, पेंच और बांधवगढ़ आने वालों की संख्या बढ़ी है। देश के 5 सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय उद्यानों में यह तीनों स्थान शामिल हैं। देश के राष्ट्रीय उद्यानों में कान्हा को शीर्ष स्थान मिला है। दुनिया में सबसे ज्यादा टाइगर (बाघ) भारत और भारत में सबसे ज्यादा टाइगर मध्यप्रदेश में हैं। यह प्रदेशवासियों के लिए गर्व का विषय है। प्रदेश में गिद्ध, मगरमच्छ, घड़ियाल सहित कई वन्यप्राणी भी मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा प्रमुख टूरिस्ट डेस्टिनेशन पर लगभग 241 होम-स्टे शुरू करना एक अभिनव प्रयास है। बांधवगढ़, कान्हा और पेंच राष्ट्रीय उद्यानों सहित अन्य जिलों के पर्यटन स्थलों पर होम-स्टे शुरू हो गए हैं। जहां पर्यटकों को ग्रामीण परिवेश, पारंपरिक भोजन, स्थानीय संस्कृति और गीत-संगीत का आनंद मिल रहा है।



### रेस्पॉन्सिबल टूरिज्म मिशन के लिए वेबसाइट लॉन्च

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रामीण पर्यटन पर केंद्रित गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्रामीण रंग पर्यटन संग उत्सव के अंतर्गत विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों और संस्थाओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही चाक पर मिट्टी की कलाकृतियां भी बनाई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के रेस्पॉन्सिबल टूरिज्म मिशन के लिए डेडिकेटेड माइक्रो वेबसाइट लॉन्च की और प्रदेश के विभिन्न गांवों में निर्मित 241 होम-स्टे का वर्चुअल लोकार्पण किया।

#### टूरिज्म को भी मिलेगा वेलनेस समिट का लाभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जल्द ही उत्तराखंड की तर्ज पर स्टेट टूरिज्म बोर्ड के माध्यम से पर्यटकों के लिए हेलीकॉप्टर सर्विस शुरु की जाएगी। प्रदेश सरकार ने पर्यटकों के लिए वेलनेस सुविधाएं बढ़ाने के लिए समिट की है। वे यहां आएंगे तो उन्हें वन्य जीव पर्यटन, धार्मिक पर्यटन के साथ स्वास्थ्य सुविधाएं भी मिलेंगी। इससे प्रदेश का मेडिकल टूरिज्म बढ़ेगा और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को लाभ होगा। प्रदेश टूरिज्म बोर्ड अपने दम पर विकास के पथ पर अग्रसर है। टूरिज्म बोर्ड के प्रचार-प्रसार के लिए तैयार की गई फिल्में अद्भुत थीं। नए सिरे से इनके उपयोग के लिए कार्ययोजना तैयार की जाए। मध्यप्रदेश पर्यटन क्षेत्र में भारत ही नहीं दुनिया में शीर्ष स्थान प्राप्त करेगा।

### प्रदेश में एक हजार होम-स्टे बनाने का लक्ष्य

पर्यटन एवं संस्कृति राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भावसिंह लोधी ने बताया कि पिछले साल 13 करोड़ 41 लाख से ज्यादा पर्यटकों का आगमन प्रदेश की धरती पर हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में पर्यटन विभाग नवाचारों के साथ पर्यटन को प्रोत्साहन दे रहा है। प्रदेश के 121 गांवों को चयनित कर 241 होम-स्टे तैयार करने का कार्य किया है। सरकार ने 1000 होम-स्टे बनाने का लक्ष्य तय किया है। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्रामों को चिन्हित किया गया। गर्व का विषय है कि इन ग्रामों में पन्ना जिले के ग्राम मडला, निवाड़ी के लाड़पुरा खास और सीधी जिले के ग्राम खास को भी सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में हमारा लक्ष्य है कि विलेज टूरिज्म को बढ़ाते हुए हर ग्रामीण आत्मनिर्भर बने और मध्यप्रदेश पर्यटन में देश में नंबर-1 बने, इस दिशा में कार्य जारी है।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। हर सेक्टर की विशेषताओं (यूएसपी) को देखते हुए नागरिकों को प्रशिक्षित कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। टूरिज्म को गति प्रदान करने में होम-स्टे एक अभिनव प्रयास है।

### दिव्यांग भाई-बहनों के लिए टूरिज्म डेस्टिनेशन पर सुविधाओं का किया जा रहा है विकास

प्रमुख सचिव पर्यटन श्री शिव शेखर शुक्ला ने रेस्पॉन्सिबल टूरिज्म मिशन की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश पर्यटन निगम, मिशन मोड में ग्रामीण परिवेश में होम-स्टे बनाने, ग्रामीणों को आतिथ्य का प्रशिक्षण देने और सुविधाएं विकसित करने जैसे कार्य कर रहा है। दस हजार महिलाओं को हॉस्पिटेलिटी की ट्रेनिंग दी गई है। साथ ही स्व-सहायता समूह की महिलाएं और कारीगर कलाकृतियां तैयार कर रहे हैं, जिन्हें पर्यटक खरीदकर साथ लेकर जाते हैं और इन कृतियों के लिए देशभर के प्रतिष्ठित होटल्स से ऑर्डर मिल रहे हैं। गांव में टूरिज्म को बढ़ाने में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का सहयोग भी टूरिज्म बोर्ड को मिल रहा है। दिव्यांग भाई-बहनों के लिए टूरिज्म डेस्टिनेशन पर सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। पर्यटन स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सीएसआर फंड्स की मदद ली जा रही है।

कार्यक्रम में अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, भोपाल नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी, प्रमुख सचिव ग्रामीण विकास श्रीमती दीपाली रस्तोगी सहित जिलों के कलेक्टर एवं वरिष्ठ अधिकारी सहित विभिन्न जिलों के प्रतिभागी और संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### ऑपरेशन सिंदूर पर मोदी-ट्रम्प की फोन पर 35 मिनट बात : PM बोले-

# भारत ने ना मध्यस्थता स्वीकारी थी... ना स्वीकारेंगे सीजफायर पाकिस्तान के कहने पर हुआ था

एजेंसी ● नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से फोन पर बातचीत की, जो लगभग 35 मिनट तक चली। बातचीत के दौरान PM मोदी ने राष्ट्रपति ट्रम्प को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान PM मोदी ने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े किसी भी विषय में व्यापार से संबंधित कोई चर्चा नहीं हुई। उन्होंने दोहराया कि पाकिस्तान के कहने पर ही भारत ने सीजफायर किया था। भारत कभी किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करता और आगे भी नहीं करेगा।

साथ ही, PM मोदी ने यह भी जोर देकर कहा कि अब भारत आतंकवाद की घटनाओं को प्रॉक्सी वॉर (परदे के पीछे की लड़ाई) नहीं, बल्कि सीधे युद्ध की कार्रवाई के रूप में देखेगा। भारत का ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है। विदेश सचिव ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने पीएम मोदी की तरफ से विस्तार में बताई गई बातों को समझा और आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के प्रति समर्थन जताया।





#### 'सैन्य कार्रवाई रोकने की बात सीधे भारत-पाक के बीच हुई थी'

विदेश सचिव ने बताया कि पीएम मोदी ने राष्ट्रपति ट्रम्प को स्पष्ट रुप से कहा था कि इस पूरे घटनाक्रम के दौरान कभी भी किसी भी स्तर पर भारत-अमेरिका ट्रेड डील या अमेरिका की तरफ से भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता जैसे विषयों पर बात नहीं हुई थी। सैन्य कार्रवाई रोकने की बात सीधे भारत और पाकिस्तान के बीच दोनों सेनाओं के एग्जिस्टिंग चैनल्स (मौजूदा अफसरों) के माध्यम से हुई थी और पाकिस्तान के आग्रह पर ही हुई थी।

**'भारत ने पाकिस्तान में सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया'**: मिसरी ने ये भी बताया कि पीएम मोदी ने ट्रम्प को यह स्पष्ट रूप से कहा कि 22 अप्रैल के बाद भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने का अपना दृढ़ संकल्प पूरी दुनिया को बता दिया था। भारत ने 6-7 मई की रात को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (PoK) में सिर्फ आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया था। भारत के एक्शन बहुत ही मेजर्ड (नपे-तुले), प्रिसाइज (सटीक) और नॉन-एस्केलेटरी थे।

**'पाकिस्तान ने सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील की थी'**: विदेश सचिव मिसरी ने ये बताया कि 9 मई की रात को अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पीएम मोदी को फोन किया था। वेंस ने कहा था कि पाकिस्तान, भारत पर बड़ा हमला कर सकता है। पीएम मोदी ने उन्हें साफ शब्दों में बताया था कि यदि ऐसा होता है तो भारत, पाकिस्तान को उससे भी बड़ा जवाब देगा। 9-10 मई की रात को पाकिस्तान के हमले का भारत ने सशक्त जवाब दिया और पाकिस्तान को सेना को बहुत नुकसान पहुंचा। उसके मिलिट्री एयरबेस को इनऑपरेबल बना दिया। भारत के मुंहतोड़ जवाब के चलते पाकिस्तान को सैन्य कार्रवाई रोकने का आग्रह करना पड़ा।

### भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को फटकारा

# 'आतंक को पालने वाले देश पर कार्रवाई करना हमारा कर्तव्य'

एजेंसी ● जिनेवा

भारत ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में पाकिस्तान के उस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी जिसमें उसने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर झूठी बातें कही थीं। भारत ने साफ कहा कि जब कोई देश आतंकियों को शरण देता है और निर्दोष लोगों की हत्या कराता है, तो उस पर कार्रवाई करना हमारा अधिकार ही नहीं, हमारा कर्तव्य है।

भारतीय मिशन के प्रतिनिधि क्षितिज त्यागी ने परिषद में बोलते हुए कहा कि पाकिस्तान की नाटकबाजी को अब दुनिया पहचानने लगी है। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 भारतीय पर्यटकों की नृशंस हत्या पाकिस्तान से आए आतंकियों ने की थी। ये हमला पर्यटकों के परिवारों के सामने ही किया गया था। उन्होंने कहा कि इस भयानक हमले की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भी कड़ी निंदा की है और हमलावरों, योजनाकारों और प्रायोजकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।




### ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लगाई लताड़

क्षितिज त्यागी ने पाकिस्तान की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर को गलत रूप में पेश करने की कोशिश को खारिज करते हुए कहा, 'जब कोई देश निर्दोषों का नरसंहार करने वाले आतंकियों को शरण देता है, तब जवाबी कार्रवाई करना एक जिम्मेदारी है, न कि कोई विकल्प।'

### पाक पर गंभीर आरोप

भारत ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को बढ़ावा देने के कई उदाहरण गिनाए। जिसमें ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान की सेना की छावनी में शरण देना और अंतरराष्ट्रीय आतंकियों के लिए राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार करना। इसके साथ ही खुद को आतंक का शिकार बताना, जबकि असल में जिहादी आतंकवाद का केंद्र बन जाना।

## नहीं थम रहा एअर इंडिया की उड़ानों के रद्द होने का सिलसिला

एजेंसी ● नई दिल्ली

एअर इंडिया ने बुधवार, 18 जून को अपनी तीन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद्द कर दिया। इन उड़ानों के रद्द होने के पीछे तकनीकी खराबी, मेंटेनेंस और सुरक्षा संबंधी कारण बताए गए हैं। खास बात यह है कि इनमें से दो उड़ानों में यात्री पहले से ही विमान में सवार हो चुके थे, जिन्हें बाद में उतारा गया। एअर इंडिया इन दिनों गंभीर तकनीकी चुनौतियों का सामना कर रहा है। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फ्लाइट्स रद्द की जा रही हैं, लेकिन इससे यात्रियों को भारी असुविधा भी हो रही है।

टोरंटो से दिल्ली की उड़ान (AI188) - यह उड़ान मेंटेनेंस लंबा चलने और फ्लाइट क्रू की ड्यूटी की समय सीमा पार होने की वजह से रद्द की गई।

दुबई से दिल्ली की उड़ान (AI996) - यह फ्लाइट तकनीकी खराबी के कारण रद्द हुई।

दिल्ली से बाली की उड़ान (AI2145) - यह फ्लाइट उड़ान भरने के बाद बीच रास्ते से ही वापस दिल्ली लौट आई।


### राज्यपाल पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव विश्व सिकल सेल दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों को करेंगे सम्मानित

# जागरूकता : 'सिकल सेल मित्र' पहल की होगी शुरुआत

संवाददाता ● भोपाल

राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन-2047 के अंतर्गत विश्व सिकल सेल दिवस 19 जून को बड़वानी में ग्राम पंचायत तलून के खेल स्टेडियम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल सहित अन्य मंत्रीगण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर कई नवाचारों का शुभारंभ किया जाएगा जिनमें जेनेटिक काउंसलिंग जागरूकता वीडियो और प्रभावित गर्भवती महिलाओं के लिए व्यापक दिशा निर्देश और मॉड्यूल शामिल हैं। लक्षित आयु वर्ग की शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग पूर्ण करने वाली पंचायतों को सम्मानित किया जाएगा। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के एनसीसी निदेशॉलय के सहयोग से 'सिकल सेल मित्र' पहल की शुरुआत भी की जायेगी। सिकल सेल मित्र युवा आबादी में जागरूकता के लिए सेवा प्रदाताओं के बीच लिंक के रूप में कार्य करेंगे।





सिकल सेल दिवस पर संपूर्ण प्रदेश में सिकल सेल रोग के प्रति जागरूकता लाने के लिए गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। सिकल सेल प्रभावित 33 जिलों में विशेष परामर्श शिविर लगाए जाएंगे, जहाँ आनुवांशिक परामर्श, रोग प्रबंधन, भावी पीढ़ी के लिए संभावनाओं और आवश्यक चिकित्सकीय सेवाओं की जानकारी दी जाएगी। उप-केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष शिविर लगाकर रोगियों की पहचान, स्क्रीनिंग और परिवार के अन्य सदस्यों की भी जांच की जायेगी।

सिकल सेल रोगियों और उनकी देखभाल कर्ताओं को पेन क्राइसिस जैसी तीव्र स्थितियों में प्रबंधन के तरीकों से अवगत कराया जाएगा। प्रभावित जिले में विशेष रूप से प्रभावित जनजातीय एवं ग्रामीण पंचायतों में स्क्रीनिंग और परामर्श के लिए अभियान चलाया जाएगा। राज्य स्तर पर विकसित जेनेटिक कॉउंसलिंग कार्ड का वितरण किया जाएगा, जिससे लोगों को आनुवांशिक जानकारी समझने में सुविधा होगी। दिव्यांग योजनाओं और वित्तीय सहायता से सिकल-सेल रोगियों को जोड़ने की प्रक्रिया सरल करने के लिए यूडीआईडी कार्ड निर्माण के लिए मेगा शिविर भी लगाए जाएंगे।

### लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में प्रयास किये जा रहे

नेशनल सिकल सेल पोर्टल के माध्यम से स्क्रीनिंग एवं उपचार की सतत मॉनीटरिंग की जा रही है। रोगियों को नि:शुल्क उपचार, जेनेटिक काउंसलिंग, औषधियां, वैक्सीनेशन एवं ब्लड ट्रांस्फ्यूजन की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अब तक 26 हजार 115 रोगियों को हाइड्रॉक्सीयूरिया दवा से उपचार मिला है। विभिन्न विभागों के साथ समन्वय कर जनजातीय स्कूलों, कॉलेजों एवं छात्रावासों में स्क्रीनिंग शिविर भी सतत आयोजित किए जा रहे हैं।

प्रदेश में मिशन की शुरुआत 15 नवंबर 2021 को राज्य हिमोग्लोबिनोपैथी मिशन के रुप में अलीराजपुर और झाबुआ में पायलट प्रोजेक्ट के रुप में की थी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मिशन को 1 जुलाई 2023 को राष्ट्रीय स्तर पर शहडोल से लॉन्च किया था। वर्तमान में प्रदेश के 33 जिलों में स्क्रीनिंग जारी है, जिसमें 20 जिलों के 89 विकासखंड एवं 13 अतिरिक्त जिले (पीएम जनमन योजना) शामिल हैं। सिकल सेल उन्मूलन के लिए एम्स भोपाल में नवजात शिशुओं की 72 घंटे में जाँच के लिए विशेष लैब स्थापित है। सभी चिन्हित मरीजों को हाइड्रॉक्सीयूरिया, फॉलिक एसिड और नि:शुल्क रक्तदान की सुविधा प्रदान की जा रही है। गंभीर मरीजों के लिए इंदौर मेडिकल कॉलेज में बोनमेरो ट्रांसप्लांट यूनिट स्थापित की गई है, जहाँ 100 से अधिक ट्रांसप्लांट हो चुके हैं। रीवा में सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस स्थापित किया गया है। मध्यप्रदेश में मिशन के तहत 2047 तक सिकल सेल को पूरी तरह समाप्त करने के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में सतत और सशक्त प्रयास किये जा रहे है।







सीएम मोहन यादव ने ग्रामीण पर्यटन केंद्रित गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित ग्रामीण रंग पर्यटन संग उत्सव के अंतर्गत विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों और संस्थाओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## शॉर्ट न्यूज

### तालाब में डूबकर बालक की मौत

**इंदौर।** कनाड़िया इलाके के गांव में बने तालाब में डूबने से 12 वर्षीय बालक की मौत हो गई। वह खेलने का कहकर घर से निकला था और अपने दोस्तों के साथ नहाने चला गया, लेकिन गहराई का अंदाजा न लग पाने से वह डूब गया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कनाड़िया पुलिस के मुताबिक, मृतक अश्विन पिता सुरेश(12) रमाबाई नगर में रहता था। वह कक्षा 5 का छात्र था और दोपहर में दोस्तों के साथ घर से करीब 3 किलोमीटर दूर अंबा मुलिया इलाके में नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक गहराई में चला गया। उसके दोस्तों ने शोर मचाकर मदद मांगी, जिसके बाद आसपास के लोग पहुंचे और किसी तरह अश्विन को तालाब से बाहर निकाला। उसे तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मामा कैलाश ने बताया कि अश्विन दो बड़ी बहनों का इकलौता भाई था।

### शादी के दूसरे दिन से ही दहेज के लिए किया प्रताड़ित

**इंदौर।** चंदन नगर इलाके में शादी के दूसरे दिन ही पत्नी को मायके से चार लाख रुपए लाने के लिए प्रताड़ित किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को फरियादी अमरीन 27 साल निवासी नंदन नगर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी अयाज अहमद यासीन निवासी रसलपुर छिंदवाड़ा से हुई। उसके मुताबिक शादी के दूसरे दिन ही पति अयाज, हनीफ मोहम्मद जेठानी शमीम बानो नंद बिलकिस बानो ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। फरियादी अमरीन के मुताबिक उसे छोटी-छोटी बातों को लेकर प्रताड़ित करने लगे और पति अयाज एवं अन्य ने गैरेज डालने के लिए चार लाख रुपए मायके से लाने के लिए धमकाया। फरियादी ने कहा कि मेरे पिता की हैसियत नहीं है कि इतनी बड़ी राशि वह दे दे। इसी बात को लेकर सभी ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। चंदन नगर पुलिस ने सभी के खिलाफ केस दर्ज किया।

रेलवे बोर्ड ने 25 कर्मियों को राजभाषा में उत्कृष्ट योगदान के लिए किया सम्मानित

# रेलवे बोर्ड राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 155 वीं बैठक का आयोजन

**संवाददाता ● भोपाल**


**आयोजन**

रेल भवन में रेलवे बोर्ड राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 155 वीं बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता सदस्य (परिचालन व व्यावसायिक विकास) श्री हितेंद्र मल्होत्रा ने की। उन्होंने बैठक में राजभाषा पत्रिका 'रेल राजभाषा' के 141 वें अंक का विमोचन किया। साथ ही 'रेलबानी' (भारतीय रेल – क्षेत्रीय भाषाओं का मेल) पुस्तिका का भी विमोचन किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने रेलवे बोर्ड के राजभाषा निदेशालय द्वारा राजभाषा के प्रगामी प्रयोग हेतु किये जा रहे प्रयासों एवं कार्यक्रमों के प्रति संतुष्टि व्यक्त की और यह सुझाव दिया कि बैठक में हिंदी साहित्यकारों की कृतियों एवं हिंदी साहित्य में उनके योगदान संबंधी प्रस्तुतीकरण भी दिखाया जाए, जिससे सदस्यों को हिंदी साहित्य की जानकारी प्राप्त हो। इस अवसर पर सदस्य (वित्त) सुश्री उषा वेणुगोपाल ने समिति के सदस्यों को राजभाषा के बेहतर कार्यान्वयन हेतु कार्य करने का सुझाव दिया। सदस्य (कर्षण व चल स्टॉक) श्री बी एम अग्रवाल ने कहा कि राजभाषा का प्रयोग हमारा संवैधानिक दायित्व है। अतः सभी सदस्यों को राजभाषा के प्रयोग संबंधी लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अनवरत प्रयास करते रहने की सलाह दी।

महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को राजभाषा के प्रयोग-प्रसार की अनिवार्यता का उल्लेख किया। अपर सदस्य (मानव संसाधन) सुश्री वी जी भूमा ने अपने स्वागत भाषण से बैठक का शुभारंभ किया और कार्यपालक निदेशक, स्थापना (श्रम कानून) श्री सुधीर कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस बैठक में मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए रेलवे बोर्ड एवं अधीनस्थ उपक्रमों में राजभाषा निष्पादन की समीक्षा की गई। तत्पश्चात क्षेत्रीय रेलों में राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देनेवाले 25 कर्मियों को कमलापति त्रिपाठी राजभाषा स्वर्ण पदक एवं रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक से सम्मानित किया गया।













# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने लॉन्च की नई XL750 ट्रांसऐल्प

**संवाददाता ● गुरुग्राम**

**लॉन्च**



होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (HMSI) ने आज अपनी नई और बहुप्रतीक्षित 2025 Honda XL750 Transalp के लॉन्च की घोषणा की। यह मोटरसाइकिल उन राइडर्स के लिए डिज़ाइन की गई है जो सीमाओं से परे स्वतंत्रता की तलाश करते हैं — चाहे वह शहरी सड़कों पर आवागमन हो, लंबी क्रॉस-कंट्री रोड ट्रिप्स हों या फिर दुर्गम ऑफ-रोड एडवेंचर्स। नई XL750 ट्रांसऐल्प को 10,99,990 (एक्स-शोरूम, गुरुग्राम - हरियाणा) की कीमत पर पेश किया गया है। इसके लिए बुकिंग्स अब होंडा की बिगविंग डीलरशिप्स पर भारतभर में शुरू हो चुकी हैं। ग्राहकों को इसका डिलीवरी चरण जुलाई 2025 से शुरू होगा।

लॉन्च की घोषणा करते हुए,श्री त्सुत्सुमु ओटानी, प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष एवं सीईओ, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने कहा:"हम भारत में नई XL750 ट्रांसऐल्प को पेश करते हुए अत्यंत प्रसन्न हैं। अपनी शुरुआत से ही ट्रांसऐल्प एडवेंचर राइडिंग की विश्वसनीय पहचान रही है और इसे दुनियाभर के खोजी राइडर्स ने अपनाया है। इस नए मॉडल में उन्नत फीचर्स और उद्देश्यपूर्ण डिज़ाइन को शामिल किया गया है, जो इसे और भी आकर्षक बनाता है। हमें पूरा विश्वास है कि नई XL750 ट्रांसऐल्प भारत के एडवेंचर प्रेमियों को अत्यधिक उत्साहित करेगी। यह मोटरसाइकिल भारतीय बाज़ार में वैश्विक आइकॉन्स को लाने के प्रति हमारे प्रतिबद्ध प्रयासों को दर्शाती है।" इस अवसर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, श्री योगेश माथुर, डायरेक्टर, सेल्स एंड मार्केटिंग, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने कहा: "भारत में एडवेंचर मोटरसाइकिल सेगमेंट अत्यधिक तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। हमारे मौजूदा ADV पोर्टफोलियो के प्रति ग्राहकों का उत्साह प्रेरणादायक रहा है।

नई और अपडेटेड XL750 ट्रांसऐल्प की शुरुआत के साथ हम भारत में एडवेंचर टूअरिंग के लिए एक नई बेंचमार्क स्थापित कर रहे हैं। पहाड़ों की पुकार अब और तेज़ है — और ट्रांसऐल्प अब स्टाइल, प्रदर्शन और उद्देश्य के साथ उसका उत्तर देने के लिए तैयार है। बुकिंग्स अब देशभर के होंडा बिगविंग डीलरशिप्स पर खुल चुकी हैं, और हम जुलाई 2025 से डिलीवरी प्रारंभ करने के लिए तत्पर हैं।"

एडवेंचर से प्रेरणा लेकर तैयार की गई XL750 ट्रांसऐल्प एक सच्चे ऑल-टेरेन व्हीकल की भावना को दर्शाती है। इसका डिज़ाइन उद्देश्यपूर्ण है और इसका स्लीक बॉडीवर्क इसे एक खास पहचान देता है। यह बहुउपयोगी एडवेंचर टूरर एक फिर से डिज़ाइन किए गए फ्रंट सेक्शन के साथ आती है, जिसमें कुछ डिज़ाइन एलिमेंट्स Honda की फ्लैगशिप अफ्रीका ट्विन से लिए गए हैं। इसमें एक नया हेडलाइट यूनिट है, जिसमें डुअल एलईडी हाई/लो यूनिफाइड प्रोजेक्टर लेंस शामिल हैं और एक नया एयरोडायनामिक वाइज़र दिया गया है, जो लंबे सफ़र के दौरान स्टाइल और हवा से सुरक्षा दोनों प्रदान करता है।

## इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**संवाददाता ● भोपाल**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल द्वारा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष का आयोजन विशेष रूप से थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग (Yoga for One Earth, One Health)' पर आधारित है, जो मानव, समाज और प्रकृति के बीच संतुलन बनाए रखने हेतु योग की भूमिका को रेखांकित करता है। इस कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग भी आमंत्रित है। इसके अलावा भोपाल नगर निगम की महापौर एवं भोपाल की प्रथम नागरिक श्रीमती मालती राय विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगी। उनके साथ-साथ सशस्त्र सीमा बल (SSB) के जवान, विख्यात गोंड जनजातीय चित्रकार पदमश्री भज्जु सिंह श्याम, देश के विख्यात रंगकर्मी एण्ड रंग निर्देशक श्री बालेंद्र सिंह मानव संग्रहालय के अधिकारी एवं कर्मचारी, केंद्र शासन के भोपाल स्थित कार्यालयों के अधिकारीगण तथा शहर के अनेक विद्यालयों व महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएँ, रंगकर्मी, गणमान्य नागरिक आदि इस सामूहिक आयोजन में भाग लेंगे।


कार्यक्रम प्रातः 5.30 बजे प्रारभ हो जाएगा। जिसमे मुख्य अतिथि का उद्बोधन, प्रधान मंत्री जी के संदेश का सीधा प्रसारण होगा। तत्पश्चात अनुभवी योग प्रशिक्षकों के निर्देशन मे 45 मिनट का विशेष योग सत्र होगा। इसी अवसर पर योग एवं स्वास्थ्य पर आधारित पुस्तक प्रदर्शनी – जहाँ योग, आयुर्वेद, ध्यान और जीवन शैली से संबंधित साहित्य प्रस्तुत किया जाएगा इसके अलावा थीम आधारित प्रदर्शनी भी होगी जिसमें योग की सांस्कृतिक महत्ता को दर्शाया जाएगा। इस कार्यक्रम की डिजिटल लाइव स्ट्रीमिंग भोपाल दूरदर्शन द्वारा की जाएगी जिससे देश-विदेश के योग प्रेमी ऑनलाइन इस कार्यक्रम का लाभ उठा सकें। भोपाल के सभी सरकारी विभागों के अधिकारियों के कर्मचारियों से उक्त कार्यक्रम मे भाग लेने की अपील निदेशक मानव संग्रहालय द्वारा की गई है। इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण किया जाएगा जिसके लिए अनलाइन गूगल फॉर्म के माध्यम से पूर्व-पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। संग्रहालय के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) अमिताभ पांडे ने बताया यह आयोजन केवल एक औपचारिक दिवस नहीं, बल्कि योग के सार्वभौमिक महत्व को जन-जन तक पहुँचाने का एक प्रयास है।

## वित्तीय वर्ष 2026 की पहली तिमाही में बैंक ने 26 शोक संतप्त परिवारों को चेक सौंपा

पीएनबी ने भारत के वीर सपूतों के सम्मान में रक्षक प्लस बचत खाता योजना के तहत 17.02 करोड़ रूपये वितरित किए

**संवाददाता ● नई दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र में देश के अग्रणी बैंकों में से एक पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने देश की सुरक्षा करनेवाले वीर सैनिकों के प्रति अपने अटूट समर्थन की पुष्टि करते हुए वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 11 जून तक अपनी प्रमुख रक्षक प्लस योजना के अंतर्गत 26 मृतक रक्षा और अर्धसैन्य बलों कर्मियों के परिवारों को 17.02 करोड़ रूपये की सहायता प्रदान की। सहायता प्राप्त करने वाले इन




26 परिवारों में बिरली गली जैसे अभियानों में सर्वोच्च बलिदान देने वाले कर्मियों के परिवार भी शामिल थे। उनके शौर्य और समर्पण को सम्मानित करते हुए, पीएनबी अधिकारियों ने स्थानीय प्रशासन के समन्वय से, विभिन्न राज्यों के 26 स्थानों पर शोक संतप्त परिवारों को चेक सौंपते हुए हार्दिक समर्थन व्यक्त किया और उनके वीरतापूर्ण योगदान को सम्मानित किया।

इस अवसर पर बोलते हुए, श्री बिनय गुप्ता, सीजीएम, बीएआरएम, पीएनबी ने कहा, 'शहीदों के परिवारों के साथ खड़े रहना हमारा परम कर्तव्य है। रक्षक प्लस योजना के माध्यम से, पीएनबी महज वित्तीय सहायता से कहीं अधिक प्रदान करता है। यह उनके अप्रतिम बलिदानों के लिए हमारे सम्मान और सतत समर्थन का प्रतीक है। हम अपने वीरों के साहस को सलाम करते हैं और उनके परिवारों के लिए शक्ति का एक स्तंभ बनने का संकल्प लेते हैं।' पीएनबी की रक्षक प्लस योजना मृत्यु के साथ-साथ पूर्ण स्थायी विकलांगता की स्थिति में एक करोड़ रूपये का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा और मृत्यु की स्थिति में 1.5 करोड़ रूपये का हवाई दुर्घटना कवरेज प्रदान करती है।

# मेपकॉस्ट में 'मिशन कर्मयोगी एवं iGoT' पर कार्यशाला सम्पन्न

**संवाददाता ● भोपाल**

**संसाधन**

वर्तमान में शासन के समक्ष आर्थिक प्रगति, पर्यावरण संरक्षण एवं समानता से जुड़े सरोकारों आदि के कारण अनेक चुनौतियाँ हैं। इसके अतिरिक्त, आचारव्यवहार, सत्यनिष्ठा, जवाबदेही, लोगों की भागीदारी आदि जैसे व्यवहारगत पहलू भी हैं। इस कारण हमें ऐसे लोकसेवकों की आवश्यकता है,जो न केवल अद्यतन ज्ञान से युक्त हों, वरन नागरिकों को संतुष्टि देने के लिए हर संभव प्रयास करने को तत्पर हों। यह विचार कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे डॉ प्रवीण दिघर्रा वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख मानव संसाधन प्रभाग ने अपने उद्बोधन में कहा। इसके लिए शासकीय सेवकों को अपने विचारों तथा दृष्टिकोण को आधुनिक बनाना होगा तथा अपनी दक्षता में भी सुधार करना होगा।

मेपकॉस्ट में 'मिशन कर्मयोगी एवं iGoT' पर परिषद के अधिकारी कर्मचारियों के क्षमता निर्माण के अंतर्गत परिषद के एचआरडी प्रभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला की गई। भारत सरकार के कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन के तहत कार्यरत 'मिशन कर्मयोगी' की अवधारणा के अनुरुप, लोकसेवकों को पेशेवर एवं प्रगतिशील, ऊर्जावान एवं सक्षम, पारदर्शी एवं तकनीकी की समझ रखने वाले, सृजनशील एवं रचनात्मक, कल्पनाशील एवं नवाचारी व सक्रिय एवं विनम्र होना चाहिए। इससे वे भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए अधिक सक्षम बन सकेंगे।



कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में श्री अनादि मिश्रा, सलाहकार, मिशन कर्मयोगी, स्टेट नोडल संस्थान आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल ने प्रतिभागियों को मिशन कर्मयोगी के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए iGoT के माध्यम से किस प्रकार लोक सेवक ऑनलाइन माध्यम से प्रशिक्षित होकर अपनी दक्षता में वृद्धि कर सकता है के बारे में विस्तृत जानकारी करते हुए पोर्टल पर सभी को हैंड्स ऑन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करते हुए श्री शैलेन्द्र सिंह डाबी प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रभारी एचआरडी ने बताया की नागरिक सेवाओं के प्रदाय में नई तकनीकी के बढ़ते उपयोग के चलते, लोकसेवकों को हमेशा कुछ नया सीखने के लिए तत्पर रहना होगा। कुल मिलाकर, इन आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु लोकसेवकों को उनके विशिष्ट कार्यक्षेत्र से सम्बंधित कार्यात्मक व व्यवहारगत क्षमताएं हासिल करनी होंगी। भारत को पाँच ट्रिलियन अमरीकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के राष्ट्रीय प्रयासों में यदि राज्य को सक्रिय सहभागी बनना है, तो प्रशिक्षण की वर्तमान पद्धति को विस्तृत करना होगा ताकि उपरोक्त सभी पहलूओं को समाहित करते हुए क्षमताओं का विकास किया जा सके। श्री डाबी जी द्वारा मिशन कर्मयोगी, लोकसेवकों के गुण, और क्षमता निर्माण की अवधारणा, वर्तमान सीमाएँ, क्षमता निर्माण के उद्देश्य और रणनीति, विभिन्न विभागों की भूमिका एवं विभाग की जिम्मेदारियां, निगरानी, मूल्यांकन, वित्त पोषण और मिशन क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। म. प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की इस 'मिशन कर्मयोगी एवं iGoT' कार्यशाला का उदेश्य यह था कि परिषद के लोकसेवकों को पेशेवर, ऊर्जावान, और नवाचारी बनाने के साथ-साथ नागरिकों को बेहतर सेवाएँ प्रदान करने में अधिक क्षमतावान हो सके और अपने कामो को अधिक गुणवत्तायुक्त बनाकर कार्य करने में सक्षम हो। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों से परिचर्चा कर अपनी कई जिज्ञासाओ का समाधान प्राप्त किया गया। इस तरह की परिषद के अधिकारियो कर्मचरियो की पहले चरण की 'मिशन कर्मयोगी एवं iGoT कार्यशाला सम्पन्न हुई।

### खासकर जब बोरिंग का विकल्प भी संभव नहीं है

# अभी भी पानी की समस्या बरकरार, जनता परेशान

**संवाददाता ● इंदौर**

**परेशानी**

सबनीस बाग क्षेत्र में नर्मदा पानी लाइन कार्य से उत्पन्न पेयजल संकट एवं पूर्व नल कनेक्शनों को पुनः जुड़वाने से पूर्व जलसंकट की स्थिति बनी हुई है। सबनीस बाग के एक स्थानीय निवासी ने बताया कि हमारे क्षेत्र में पिछले कुछ समय से नर्मदा पानी लाइन बिछाने का कार्य चल रहा है, जिसके कारण हम सभी निवासियों को पेयजल की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताय कि विशेष रूप से, बोर्ड ऑफिस स्पोर्ट्स ग्राउंड के आस-पास रहने वाले घरों में पानी की आपूर्ति अत्यधिक अनियमित और बाधित हो गई है। कई दिनों से पानी या तो बहुत कम समय के लिए आ रहा है या फिर बिल्कुल नहीं आ रहा, जिससे दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। नागरिक पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता के लिए बेहद परेशान हैं। आज फिर से हमारे क्षेत्र में लाइन खोदी गई है, जिससे स्थिति और भी बिगड़ गई है। हम यह समझना चाहते हैं कि जब नए कनेक्शन डाले जा रहे हैं, तो हमारे जो पहले से नल कनेक्शन थे, उन्हें क्यों काट दिया गया है या क्यों नहीं जोड़ा जा रहा है?



चूंकि इस परियोजना को पूरा होने में अभी कुछ समय लग सकता है, और वर्तमान स्थिति में निवासियों को हो रही परेशानी को देखते हुए, आपसे विनम्र निवेदन है कि आप तत्काल प्रभाव से हमारे पूर्व के नल कनेक्शनों को पुनः जुड़वाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करें। यह हमें मौजूदा पेयजल संकट से तुरंत राहत दिला सकता है।

हम सभी जानते हैं कि आप हमारे क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। आपसे विनम्र निवेदन है कि आप इस गंभीर पेयजल संकट पर तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग (जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग - PHED और नगर निगम, इंदौर) से इस विषय में बात करें और सुनिश्चित करें कि हमारे क्षेत्र में पानी की नियमित और पर्याप्त आपूर्ति जल्द से जल्द बहाल हो, और विशेष रूप से, हमारे पुराने नल कनेक्शनों को प्राथमिकता के आधार पर फिर से जोड़ा जाए।





## शॉट न्यूज

### छिंदवाड़ा के फरार आरोपी को इंदौर पुलिस ने दबोचा

**इंदौर।** आजाद नगर पुलिस ने छिंदवाड़ा जिले के बलात्कार के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं। आरोपी महाराष्ट्र भागने की तैयारी में था इसी दौरान पुलिस टीम ने उसे धरदबोचा। एसीपी रविन्द्र बिलवाल ने बताया कि आजादनगर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि नाबालिग को अपने झांसे में लेकर बलात्कार करने वाला आरोपी छिंदवाड़ा से फरार होकर गुजरात होते हुए महाराष्ट्र जाने की फिराक में हैं। आरोपी का छिंदवाड़ा पुलिस द्वारा पीछा भी किया जा रहा था। इसी बीच सूचना के आधार पर आजाद नगर टीआई तिलक करोले ने पुलिस टीम के साथ घेराबंदी करते हुए फरार आरोपी को गुजरात से महाराष्ट्र जाने वाली बस के पास से हिरासत में लिया गया। पकड़े गए आरोपी को छिंदवाड़ा पुलिस के हवाले किया गया हैं।

### उधारी के पैसे मांगने पर किया हमला

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना इलाके में एक युवक ने उधारी के पैसे मांगे तो बदमाश ने अपने साथियों के साथ मिलकर हमला कर दिया। बीच बचाव करने आये युवक के परिवार के लोगो से भी आरोपियों ने मारपीट की जिसमें परिवार के लोग घायल हो गए। द्वारकापुरी पुलिस को फरियादी मांगीलाल पिता हरि सिंह परिहार निवासी गुरु शंकर नगर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसने गुड्डू यादव को 20 हजार रुपए उधार दिए थे। मांगीलाल परिहार ने गुड्डू से पैसे के बारे में पूछा तो वह बहाने बनाने लगा। मैंने पैसे देने की तारीख पूछी तो गालियां देने लगा। गली से मना किया तो उसने अपने साथी कल्लू यादव, गणेश पवार और इंदिरा यादव के साथ मिलकर सरिया और डंडे से हमला कर दिया। मुझे बचाने आई मेरी पत्नी सरिता, बेटी और भतीजो मुकेश पर भी उन लोगों ने हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

# कृषि विकास मंत्रालय नईदिल्ली के अधिकारी देपालपुर पहुंचे

### गांवों के प्रगतिशील किसानों से गेंहू उत्पादन को लेकर की चर्चा



**संवाददाता ● इंदौर**

**चर्चा**

इंदौर जिले के विकासखंड देपालपुर में प्रगतिशील किसानों से चर्चा करने के लिए किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली के संयुक्त संचालक डॉ. विक्रांत सिंह किसानों के बीच पहुंचे। उन्होंने विकासखंड देपालपुर की ग्राम पंचायत मांचल व शाहपुरा में जाकर किसानों से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए गेहूं की ड्यूरम, एस्टीविम जैसी किस्मों के अधिक उत्पादन देने वाली वैरायटियों, बीज दर प्रति बीघा, संतुलित उर्वरक, नवीन प्रणाली से फ़सल को बोने, आत्म निर्भर भारत अभियान अन्तर्गत कृषकों द्वारा निर्मित उत्पाद व गेहूं उत्पादन का बाजार मूल्या, साथ ही किसानों द्वारा अधिक उत्पादन लेने हेतु किए जा रहे नवाचार पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान अनुविभागीय कृषि अधिकारी इंदौर श्री एस के एस्के, सहायक संचालक कृषि श्री डी.एस.वर्मा, वरिष्ठ कृषि अधिकारी विकासखंड देपालपुर श्री जितेंद्र चारेल, कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमति एकता व्यालसा एवं दिव्यांशी एवं क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक लाखन सिंह गहलोद, गजानंद खादीवाला, सालिगराम जी, श्री जगदीश, हुक्कुम आदि कृषक से चर्चा की गई। इस दौरान दोनों पंचायतों के किसान उपस्थित थे।

### मिट्टी से भरे गड्ढे, दुर्घटना को न्यौता



**नर्मदा पाइन लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़क को सिर्फ मिट्टी से भरकर छोड़ दिया। लोगों का कहना है कि हल्की बारिश के बाद ही मिट्टी सड़क पर आ जाएगी, जो दुर्घटना का कारण बन सकती है।**

### जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट की पहल पर वरिष्ठ स्तरीय बैठक में निर्णय

# इंदौर में एनएच परियोजनाओं के फ्लाई ओवर निर्माण हेतु फ्लाई एश आपूर्ति सुनिश्चित करें



**संवाददाता ● इंदौर**

**फैसला**

इंदौर में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं, विशेष रूप से फ्लायओवरों के कार्य में आ रही फ्लाइ एश आपूर्ति की समस्या को गंभीरता से लेते हुए आज जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर और अतिरिक्त मुख्य सचिव नीरज मंडलोई के साथ उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की।

इस बैठक में सिलावट द्वारा इंदौर क्षेत्र के निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग कार्यों—जैसे तेजाजीनगर से बलवाड़ा, इन्दौर से हरदा और इन्दौर–देवास बायपास पर बन रहे अर्जुन बरोदा, झलारिया, एमआर-10 जक्शन, रालामंडल आदि फ्लायओवर में फ्लाइ एश की अचानक आपूर्ति बंद किए जाने से उत्पन्न समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया गया। यह समस्या सिंघाजी थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट मूंदी द्वारा आपूर्ति रोके जाने के कारण उत्पन्न हुई थी, जिससे निर्माण कार्य बाधित हो रहे थे और भारी परिवहन व्यवस्था पर भी असर पड़ रहा था। श्री सिलावट के अनुरोध पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने तत्परता दिखाते हुए फ्लाइ एश की आपूर्ति फिर से प्रारंभ करने के स्पष्ट निर्देश दिए और यह आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य में अब किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में ऐसी आपूर्ति सतत बनी रहे, इसके लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

इस विषय में जल संसाधन मंत्री द्वारा लिखित पत्र भी ऊर्जा विभाग को प्रेषित किया गया था, जिसमें स्थानीय परियोजनाओं की संवेदनशीलता और समयबद्धता का विशेष उल्लेख किया गया था। इस संबंध में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने भी वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र भेजकर Fly Ash की आपूर्ति सतत जारी रखने हेतु अनुरोध किया गया था। इस निर्णय से इंदौर में चल रहे प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को गति मिलेगी और समयसीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने में सहायता मिलेगी। बैठक में ऊर्जा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव श्री नीरज मण्डलोई, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय अधिकारी श्री एस. के. सिंह एवं परियोजना निदेशक पीआईयू-इंदौर श्री सुमेश बंसल एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार से किया सम्मानित

# बेहतर पुलिसिंग के लिए 23 पुलिसकर्मियों का हुआ सम्मान

**संवाददाता ● इंदौर**



शहर में पुलिसिंग के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर भूमिका निभामे वाले 23 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। पुलिस कमिश्नर ने इन्हें प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित करते हुए शाबासी दी और कहा कि आगे भी इसी तरह से अपनी ड्यूटी निभाते रहें। इंदौर पुलिस कमिश्नरेट में जनसुरक्षा और सेवा की दिशा में अच्छे कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के उत्साहवर्धन के लिए हर सप्ताह मंगलवार को साप्ताहिक सम्मान कार्यक्रम आयोजित जति किया जा रहा है। इसी कड़ी कल कर्तव्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए 23 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। पलासिया स्थित कार्यालय में पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने इन सभी पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) अमित सिंह और अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने भी पुरस्कृत पुलिसकर्मियों के कार्य की सराहना की।

**इन पुलिसकर्मियों का हुआ सम्मान** – निरीक्षक मनोज सिंह सेंधव, सउनि सुरेंद्र सिंह रघुवंशी, प्रधान आरक्षक अजीत यादव, नरेश थाना खजराना (शातिर नकबजनों को पकड़ने और 19 लाख के जेवर बरामदगी के लिए), प्रधान आरक्षक प्रणीत भदोरिया, रवि यादव, आरक्षक आनंद जाट, आकाश त्रिवेदी थाना लसुडिया (चेन स्नेचिंग ट्रेस करने के लिए), एएसआइ अनिल पाठक, प्रधान आरक्षक रामशंकर सोनी, आरक्षक हाकिम सिंह , प्रदीप सिंह सेंगर थाना विजय नगर (गश्त में वाहन चोर को पकड़ने के लिए), निरीक्षक सियाराम गुर्जर, आरक्षक हीरामणी मिश्रा, मालाराम सिंह, रामकुमार त्यागी थाना बाणगंगा ( फरार 20 हजार रुपए के इनामी की गिरफ्तारी के लिए ), प्रधान आरक्षक जितेंद्र सोलंकी, आरक्षक ऋषिकेश रावत थाना अन्नपूर्णा (चेकिंग में चोरी का स्कूटर पकड़ने के लिए), आरक्षक गौरव डांडे थाना सराफा ( रात्रि गश्त में क्षेत्र में सौहार्द बनाने में सराहनीय कार्य करने के लिए), एएसआइ दिनेश कुमार गौड, आरक्षक पवन अम्ब, नरेंद्र सिंह, प्यारेलाल, यातायात पुलिस।

# व्हाट्सएप पर पोर्न ग्रुप से जुड़कर अश्लील विडियो देखने वाला गिरफ्तार

**संवाददाता ● इंदौर**

राज्य साइबर सेल की टीम ने व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़कर अश्लील वीडियो और चाइल्ड पोर्न कंटेंट देखने वाले आरोपी को राज्य साइबर सेल इंदौर की टीम ने गिरफ्तार किया हैं। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आरोपी चाईल्ड पोनोग्राफी से संबंधित व्हाट्सएप ग्रुप का सदस्य होकर सक्रिय था जिसकी सायबर टिपलाईन शिकायत युनाईडेट स्टेट द्वारा स्टेट सायबर सेल इन्दौर को प्राप्त हुई थी ।



अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, राज्य सायबर पुलिस मुख्यालय ए.साई मनोहर के निर्देश पर एवं उप पुलिस महानिरीक्षक, राज्य सायबर पुलिस मुख्यालय भोपाल, यूसुफ कुरैशी के पर्यवेक्षण में तथा पुलिस अधीक्षक, राज्य सायबर सेल सव्यसाची सराफ राज्य सायबर पुलिस जोन इंदौर द्वारा पुराने सायबर अपराधों में अपराधियों की धरपकड के संबंध में दिये गये दिशा-निर्देशों पर से उप पुलिस अधीक्षक, नरेंद्र सिंह रघुवंशी के मार्गदर्शन में निरीक्षक अंजु पटेल एवं उनकी टीम के सउनि राम बाजपेई एवं आर. रमेश भिडे के द्वारा गहन तकनीकी विश्लेषण करते हुए भारत सरकार गृह- मंत्रालय के सायबर टीपलाईन के माध्यम से प्राप्त हुई शिकायत में जिसमें नाबालिग बच्ची के साथ यौन शोषण करते हुए अश्लील विडियो डाउनलोड करने की जानकारी पर से अपराध क्रमांक 237/22 धारा 67 बी आई.टी.एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

अपराध की गंभीरता को देखते हुये तकनीकी विश्लेषण कर आरोपी देवसिंह पिता रामजी लाल जाटव उम्र 24 साल निवासी ग्राम- खिरखीरी तहसील कराहल जिला श्योपुर म.प्र. को जांच के बाद शिकंजे में लेकर अपराध के संबंध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि वह चाईल्ड पोर्नोग्राफी से संबंधित व्हाट्स-एप ग्रुप का सक्रिय सदस्य होकर व्हाट्स-एप पर चाईल्ड पोर्न ग्रुप में एड हो गया था । उस व्हाट्सएप ग्रुप का सदस्य बनने के लिये उसे एक लिंक प्राप्त प्राप्त हुई थी जिसे डाउनलोड कर ग्रुप का सदस्य बना था व्हाट्सएप ग्रुप में प्राप्त नाबालिग बच्ची के साथ यौन शोषण करते हुये अश्लील विडियो था, जो उसने उसके मोबाईल में डाउनलोड करा था। अपराध से बचने के लिये आरोपी द्वारा उपयोग किया गया मोबाईल और सिम तोड़कर फेंकने पर अपराध में धारा का इजाफा किया गया।

### जनसुनवाई में आवेदकों को अब खड़े नहीं रहना पड़ता

# अपर आयुक्त ने देखी नवीन बैठक व्यवस्था

**संवाददाता ● इंदौर**

**व्यवस्था**

आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा निगम मुख्यालय में जनसुनवाई की गई। उक्त क्रम में निगमायुक्त द्वारा स्वंय अपने कक्ष में निगम के समस्त अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त, अधीक्षण यंत्री एवं विभाग प्रमुख के साथ जनसुनवाई की गई। इस अवसर पर आयुक्त द्वारा जनसुनवाई मे प्राप्त आवेदनों को तत्काल निराकरण करने के भी निर्देश दिये गये। आयुक्त वर्मा द्वारा प्रति सप्ताह मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय स्थित आयुक्त कार्यालय में जनसुनवाई की जाती है, इस दौरान बड़ी मात्रा में आवेदक जनसुनवाई में पहुंचते है, जिनकी समस्याओं के निराकरण हेतु आयुक्त महोदय द्वारा जनसुवाई में आने वाले आवेदकों की सुविधा को देखते हुए, कार्यालय में कतारबद्ध कुर्सीयां लगाई गई, जिस पर आवेदक अपने आवेदन की सुनवाई होने तक कतारबद्ध कुर्सी में आराम से बैठे रहे, इस व्यवस्था के संबंध में जनसुनवाई के दौरान आयुक्त वर्मा द्वारा अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा को कक्ष के बाहर बैठे आवेदकों की बैठक व्यवस्था देखने को कहा गया, जिस पर उक्त व्यवस्था से जनसुनवाई में आए आवेदक संतुष्ठ व प्रसन्न मिले। आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा निगम मुख्यालय स्थित कक्ष में जनसुनवाई की गई, जन सुनवाई के दौरान नागरिकों द्वारा राजस्व, मार्केट, भवन अनुज्ञा, स्वास्थ्य विभाग, रिमूव्हल विभाग, सीवरेज विभाग, जनकार्य विभाग सहित अन्य विभागो के 62 आवेदन आयुक्त महोदय के समक्ष प्रस्तुत किये गये, आयुक्त द्वारा नागरिको को समक्ष में सुना गया तथा प्राप्त आवेदन को आयुक्त कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान उपस्थित अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त व विभाग प्रमुख को तत्काल प्रेषित कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।



# भ्रष्टाचार में आसानी' से ₹व्यापार में आसानी' तक का सफर

पिछले एक दशक में भारत ने एक परिवर्तनकारी यात्रा की है। संरचनात्मक सुधारों, व्यापक वेलफेयर कार्यक्रमों और मुखर वैश्विक दृष्टिकोण से स्थिरता और विकास का संतुलन बनाया है। सक्रिय मीडिया, स्वतंत्र न्यायपालिका और मुखर विपक्ष के साथ भारत एक जीवंत लोकतंत्र बना हुआ है। जहां लोकतंत्र में आलोचना महत्वपूर्ण है, वहीं राष्ट्रीय प्रगति के मानकों को पहचानने में भूल नहीं की जानी चाहिए। आज भारतीय लोकतंत्र परिपक्व हो गया है। एनडीए को लगातार मिलते चुनावी जनादेश एक ऐसे दृष्टिकोण में जनता के भरोसे को दशार्ते हैं, जो विकास को राष्ट्रीय एकता के साथ जोड़ता है। यह लेख विश्लेषण करता है कि क्या पिछले 11 वर्षों में भारत सभी के लिए बेहतर, निष्पक्ष और मजबूत बन पाया है? सबसे पहले बेहतरी की बात करें। जीडीपी आंकड़ों की तुलना वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के संदर्भ में की जानी चाहिए। तमाम चुनौतियों के बावजूद भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में उभरा है। महामारी के वर्षों को छोड़कर भारत ने वित्त वर्ष 2014 से वित्त वर्ष 2025 तक औसतन 7.1% जीडीपी वृद्धि की है, जबकि 2004 से 2014 के दौरान यह 6.7% थी। 2014 में 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने से भारत अब 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुक है।

आईएमएफ के आंकड़े पुष्टि करते हैं कि पिछले एक दशक में भारत ने शीर्ष 10 वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक वृद्धि देखी। वित्त वर्ष 2014 से प्रति व्यक्ति जीडीपी 2.6 गुना बढ़ी है। तब से अब तक मुद्रास्फीति भी औसतन 4.6% रही है, जो यूपीए काल के 7.5% के आंकड़े से काफी बेहतर है। जीडीपी के हिस्से के रूप में पूंजीगत व्यय 2004-14 के दौरान 2% से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में 3.1% हो गया। उच्च विकास, मध्यम मुद्रास्फीति और सशक्त निवेश एक ऐसी अर्थव्यवस्था की ओर इशारा करते हैं, जो तेजी और मजबूती से बढ़ रही है।

**जहां तक निष्पक्षता का प्रश्न है तो भारत ने समानता और न्याय पर भी ध्यान केंद्रित किया है। मूल आयकर छूट 2014 में 2.5 लाख से बढ़कर 2025 में 12 लाख रुपए हो गई। संपत्ति कर के उन्मूलन और जीएसटी के कार्यान्वयन जैसे सुधारों ने कराधान को सरल बनाया है और औपचारिक अर्थव्यवस्था को व्यापक बनाया है।**

जहां तक निष्पक्षता का प्रश्न है तो भारत ने समानता और न्याय पर भी ध्यान केंद्रित किया है। मूल आयकर छूट 2014 में 2.5 लाख से बढ़कर 2025 में 12 लाख रुपए हो गई। संपत्ति कर के उन्मूलन और जीएसटी के कार्यान्वयन जैसे सुधारों ने कराधान को सरल बनाया है और औपचारिक अर्थव्यवस्था को व्यापक बनाया है। वित्त वर्ष 2025 तक जीएसटी संग्रह 16.75 लाख करोड़ रु. से अधिक हो गया। बुनियादी ढांचे में उछाल ने इस वृद्धि का समर्थन किया। राष्ट्रीय राजमार्ग 2014 में 91,287 किलोमीटर से बढ़कर 2025 में 1,46,204 किलोमीटर हो गए। अटल सुरंग और चिनाब पुल जैसी ऐतिहासिक परियोजनाएं पूरी हुईं। रेल पटरियों की संख्या दोगुनी से भी अधिक हो गई (2014-25 में 31,000 किमी बनाम पिछले दशक में 14,000 किमी) और पटरियों का विद्युतीकरण 21,000 किमी (2004-14) से बढ़कर 41,000 किमी (2014-25) हो गया।

विश्व बैंक के अनुसार, भारत में 2011-12 में अत्यधिक गरीबी 27.1% से घटकर 2022-23 में 5.3% हो गई, जिससे 26.9 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकल पाए। 2014 से 2024 तक भारत में 17.19 करोड़ नौकरियां पैदा हुईं- जो उससे पिछले दशक की 2.9 करोड़ से कहीं ज्यादा हैं। बेरोजगारी दर 2017-18 में 6% से घटकर 2023-24 में 3.2% हो गई। अंत में मजबूती की बात करें तो आतंकवाद के प्रति भारत का जीरो-टॉलरेंस वाला दृष्टिकोण 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 के बालाकोट हवाई हमलों और 2025 के ऑपरेशन सिंदूर जैसी निर्णायक कार्रवाइयों में स्पष्ट था। भारत की वैश्विक छवि में उल्लेखनीय सुधार हुआ। 2023 में इसकी ऋ20 अध्यक्षता को व्यापक रूप से सराहा गया। सीमा पर बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी आई। पिछले पांच वर्षों में एलएसी पर उससे पूर्व के 25 वर्षों की तुलना में अधिक सड़कें और पुल बनाए गए, जिससे सुरक्षा और रणनीतिक गतिशीलता बढ़ी। भारत ने लंबा सफर तय किया है- ₹भ्रष्टाचार में आसानी' से ₹व्यापार में आसानी' तक।

## संत वचन

फिर आज हमारे सुसमाचार के अंश में, हमने सुसमाचार के संत लूका के सुसमाचार से वर्णन की निरंतरता सुनी, जहाँ प्रभु ने फरीसियों और व्यवस्था के शिक्षकों को उनके कार्यों और ईश्वर और उनके उद्धारकर्ता में उनके विश्वास की कमी के लिए फटकारना और आलोचना करना जारी रखा। हमने इफिसुस के विश्वासियों को प्रेरित पौलुस का अभिवादन सुना, जिसमें उन्होंने उन सभी को उनके प्रभु और उद्धारकर्ता यीशु मसीह में उद्धार की याद दिलाई, जिसके बारे में वे और अन्य प्रेरित और मिशनरी घोषणा करते रहे थे, और उन्हें याद दिलाया कि प्रभु में उद्धार मसीह के द्वारा और जो कुछ भी उन्होंने अपने शिष्यों और कलीसिया के माध्यम से उन पर प्रकट किया था, उसके द्वारा आया था, न कि अन्य माध्यमों जैसे कि ईश्वर की व्यवस्था और आज्ञाओं के पालन के माध्यम से, जैसा कि यहूदी पृष्ठभूमि से आए कुछ धर्मांतरित लोगों ने, विशेष रूप से फरीसी और व्यवस्था समूह के शिक्षकों ने दावा किया था और वे शेष कलीसिया और ईसाई विश्वासियों पर यहूदी रीति-रिवाजों और तरीकों को लागू करना चाहते थे।

# गिग वर्कर होना और सही ग्राहक खोजना आसान काम नहीं है

आप जानते हो कि आपके संभावित ग्राहक कहां रहते हैं। पर मुसीबत यह है कि उनसे कैसे मिला जाए। वो एक गेटेड कॉलोनी में रहते हैं, जहां कोई उनकी बिना अनुमति प्रवेश नहीं कर सकता। अब आप क्या करोगे? आप बेंगलुरु के 40 वर्षीय पद्मनाबन अब्बास को गुरु बना लीजिए। अब्बास ने 2006 में इंजीनियरिंग पूरी की और 2008 में पहला स्टार्टअप शुरू करने से पहले कुछ समय के लिए आईटी में काम किया था। बाद में दो साल का ब्रेक लिया और फिर एक टेक फर्म शुरू की, जिसने कोविड के दौरान मुसीबतों का सामना किया।

जहां फर्म के कई पूर्व फाउंडर्स ने कॉर्पोरेट की वेतनभोगी नौकरियां कर लीं या अस्थायी तौर पर कंसल्टिंग का काम करने लगे, वहीं अब्बास ने एक मिला-जुला-सा रास्ता चुना। सुबह के वक्त वह सॉफ्टवेयर डेवलपर के तौर पर काम करते और शाम को फूड डिलीवरी। अब आप यह मत कहना कि ह्यइसमें क्या है? अतिरिक्त पैसा कमाने के लिए बहुत-से लोग ऐसा करते हैं।ह्व अब्बास ने पैसा बनाने के लिए इस दूसरी नौकरी का विकल्प नहीं चुना। वह बिजनेस कनेक्शन बनाने के लिए सोच-समझ कर फूड डिलीवरी वर्कर बने। जी, हां... उन्होंने खाना पहुंचाने के दौरान अपने संभावित ग्राहकों से व्यक्तिगत तौर पर मिलने का फैसला किया।

प्रत्यक्षता और जोखिम लेने की क्षमता के कारण अब्बास का यह नजरिया पिछले बुधवार तब अनोखे तरीके से सामने आया, जब एक ग्राहक ने अब्बास के फुल स्टेक डेवलपर के तौर पर सेवाएं देने के बारे में प्रकाशित उनका विज्ञापन सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। वो हर फूड डिलीवरी के समय ग्राहकों को प्रिंटेड विज्ञापन देते हैं। तब ही से वह वायरल हो गया। विज्ञापन में वेब डेवलपमेंट के क्षेत्र में अब्बास के 19 वर्षों के अनुभव, मोबाइल एप्स, यूआई/यूएक्स डिजाइन और मशीन लर्निंग के साथ उनके व्यक्तिगत संपर्क विवरण को हाईलाइट किया गया था। यह पोस्ट खूब शेयर की गई। कई लोग अब्बास के चतुराईपूर्ण दृष्टिकोण से प्रभावित हुए।

खाना डिलीवरी के दौरान संभावित ग्राहकों से व्यक्तिगत तौर पर मिलने के अब्बास के तरीके ने उसके लिए बेहतर काम किया। लेकिन इसके लिए आपको कुछ बुनियादी बातें समझनी होंगी। इनमें यह शामिल हैं। ग्राहकों तक पहुंचने से पहले आपको ये जानने की जरूरत है कि आप किसे खोज रहे हैं। आपकी खासियत क्या है और आप किसकी समस्या हल करोगे। क्योंकि जब तक आपके पास समस्या का हल नहीं होगा तो आप महज 30 सेकंड के ध्यान देने योग्य समय में किसी को प्रभावित नहीं कर पाओगे। अपनी क्षमता को पहचानोगे तो आपको उन संभावित ग्राहकों को पहचानने में मदद मिलेगी, जो आपके कौशल के लिए उपयुक्त हैं।

**एडिट.नोट**

जब आप ग्राहकों को पहचान लें तो रिसर्च करें। उनकी वेबसाइट, सोशल मीडिया प्रोफाइल और उन सभी स्थानों को चेक करें, जहां उनकी ऑनलाइन मौजूदगी हो सकती है। यह आपको ग्राहक और उनकी जरूरतों के बारे में जानकारी देगा और बताएगा आप कैसे उनकी मदद कर सकते हैं। आप अब्बास की तरह भी ग्राहकों से मिल सकते हो या सार्वजनिक स्थल, यात्रा, थिएटर आदि में मिलने का नया रास्ता भी खोज सकते हो। रिसर्च के दौरान इस बारे में आइडिया मिल ही जाएंगे। हो सकता है इनमें से कुछ आइडिया काम ना करें, लेकिन यदि आपके भीतर दृढ़ता है तो कोई एक जरूर काम करेगा। नेटवर्क का फायदा उठाना भी ना भूलें। दोस्तों, परिजनों, सहकर्मियों से संपर्क करें, नेटवर्किंग इवेंट्स में जाएं और देखें कि क्या वे किसी ऐसे व्यक्ति को जानते हैं, जिसे आपकी सेवाओं की जरूरत हो। अब जबकि आप जानते हो कि आप किसे तलाश रहे हो, उसकी क्या जरूरत है और आशा है कि आप जल्द उससे मिलने वाले हैं तो उसके लिए अचंभित करने वाली योजना बनाने का समय है। आपकी तैयारी हर ग्राहक विशेष के लिए होनी चाहिए, जिसमें इस बात पर जोर दिया जाए कि आप कैसे उसकी समस्या हल करेंगे। योजना को छोटा और कारगर रखें, और अपने अनूठे कौशल और अनुभव को हाईलाइट करना न भूलें। और हां, फॉलोअप जरूर करें, लेकिन विनम्रता के साथ।

**सुनीता नारायण - लेखक**

# यूज-एंड-थ्रो' की संस्कृति से कचरा और बढ़ता जा रहा है

कुछ बीते करीब 50 सालों में दुनिया ने दीर्घजीवी और कभी ना नष्ट होने वाली ऐसी चीजों की भयावह समस्या के बारे में जाना है, जो कभी चमत्कारिक मानी जाती थीं। डीडीटी को ही ले लीजिए, जो पर्यावरण में इतने लंबे समय तक बना रहता है कि वह मनुष्य के रक्त और पक्षियों के अंडों तक में भी इकट्ठा होने लगता है। या फिर क्लोराफ्यूरोकार्बन जैसे रसायन, जिन्होंने सच में ही ओजोन पर्त में छेद कर दिया है।

इनसे भी बदतर कार्बन डाइ ऑक्साइड है, जो 150 से 200 वर्षों तक पर्यावरण में बनी रहती है और जलवायु परिवर्तन के तौर पर इसके विनाशकारी परिणाम सामने आ रहे हैं। प्लास्टिक को भी इसी श्रेणी में रखा जाना चाहिए। यह हमारे रोजमर्रा के जीवन का अनिवार्य अंग बन गया है, लेकिन अब वह हमारे पर्यावरण के लिए एक बड़ी मुसीबत बन चुका है। प्लास्टिक-कचरा समुद्रों को प्रदूषित कर रहा है और मछलियों के जरिए खाद्य श्रृंखला में भी प्रवेश कर गया है। भारत में पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने सिंगल यूज प्लास्टिक के तौर पर चिह्नित 19 वस्तुओं को प्रतिबंधित किया है। पैकेजिंग मैटेरियल समेत अन्य प्लास्टिक कचरे को एक्सटेंडेड प्रोड्यूसर रिस्पांसिबिलिटी (ईपीआर) नियमों के अधीन लाया गया है, जिसके तहत कंपनियों को उनके द्वारा निर्मित प्लास्टिक कचरे की एक नियत मात्रा को वापस लेना होता है। हर कंपनी इसे या तो री-प्रोसेस करती है या इसे सुरक्षित तरीके से नष्ट करती है। इसके जरिए यह आशा की जाती है कि हमारी नदियों, सड़कों पर भर रहे इस प्लास्टिक का प्रबंधन बेहतर हो पाएगा।

लेकिन नियम-कायदे उस तरह से कारगर नहीं हो रहे, जैसे उनको होना चाहिए। सिंगल यूज प्लास्टिक अब भी उपलब्ध है। प्रतिबंधित कैरी-बैग्स की मोटाई को लेकर भारी असमंजस है। अधिकतर सिंगल यूज प्लास्टिक आइटम छोटे और अनौपचारिक क्षेत्र में तैयार हो रहे हैं, ऐसे में इन पर प्रतिबंधों को अमल में लाना चुनौती भरा है। पारदर्शिता और अनुपालन के अभाव में ईपीआर व्यवस्था कमजोर हो गई है। यहां अच्छी खबर भी है। कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने प्लास्टिक कैरी-बैग्स के उपयोग पर रोक लगाई है। कई शहरों में गीले-सूखे कचरे को अलग-अलग संग्रहीत करना शुरू किया गया है, ताकि प्लास्टिक समेत अन्य सूखे कचरे को री-प्रोसेस्ड किया जा सके।

ये निकाय या तो मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) बना रहे हैं, जहां री-साइकल हो सकने वाले प्लास्टिक को छांटकर कचरे से अलग किया जा सके। या वे कचरे से इस ₹मूल्यवान' हिस्से को निकालने के लिए सीधे अनौपचारिक क्षेत्र के साथ काम कर रहे हैं। री-साइकल नहीं हो सकने वाले प्लास्टिक कचरे को सीमेंट प्लांट की भट्टियों में थर्मल ट्रीटमेंट के लिए भेज दिया जाता है या सड़क निर्माण में इसे काम में ले लिया जाता है।

लेकिन अब भी बहुत चुनौतियां हैं। सब जानते हैं कि जिसे इकट्ठा करना ही मुश्किल है, उसे रीसाइकल करने के लिए नहीं भेजा जा सकता। इसीलिए 2016 के प्लास्टिक प्रबंधन नियमों में अनिवार्य किया गया कि गुटखा और चिप्स की पैकिंग में काम आने वाले प्लास्टिक समेत सभी प्रकार के बहुस्तरीय प्लास्टिक को 2018 तक चरणबद्ध तरीके से उपयोग से बाहर किया जाए। लेकिन बाद में नियमों में संशोधन कर कह दिया गया कि ऐसा तभी किया जाएगा, जब बहुस्तरीय प्लास्टिक रीसाइकल करने और फिर से ऊर्जा प्राप्त करने योग्य नहीं होगा। जबकि कचरे और लैंडफिल्स में मिलने वाले इस प्लास्टिक का कोई मोल नहीं और इसे एकत्र करना और री-प्रोसेस करना मुश्किल है। हमें यह भी समझना होगा कि आज यदि हम प्लास्टिक कचरा प्रबंधन कर पा रहे हैं तो यह अनौपचारिक क्षेत्र के उन लाखों मजदूरों की बदौलत है, जो हमारी फेंकी चीजों में से भी अपने लिए मूल्य निकाल पा रहे हैं। हमें हमारे कचरे के प्रति जिम्मेदार होना पड़ेगा। यूज-एंड-थ्रो के बजाय, जिम्मेदारी से उपयोग करें। प्लास्टिक का उपयोग कम से कम हो, कचरे को अलग-अलग संग्रहीत किया जाए और रीसाइकलर्स को सहयोग किया जाए।

## बिजनेस

# सेबी का बड़ा प्रस्ताव, केवाईसी एजेंसियों को मिलेगी मान्यता, निवेशकों को होगा लाभ



**मुंबई।** बाजार नियामक सेबी ने केवाईसी पंजीकरण एजेंसियों (केआरए) के लिए बड़ा प्रस्ताव पेश किया है। इसके तहत केवाईसी एजेंसियों को अब मान्यता एजेंसी के रूप में काम करने की अनुमति दी जा सकती है। वर्तमान में यह सुविधा केवल स्टॉक एक्सचेंज और डिपॉजिटरी की सहायक कंपनियों तक ही सीमित है।

सेबी ने इस प्रस्ताव पर 8 जुलाई तक आम जनता से सुझाव मांगे हैं। परामर्श पत्र में सेबी ने कहा कि मान्यता एजेंसियों के लिए पात्रता मानदंड को विस्तारित किया जा सकता है, ताकि सभी केआरए मान्यता एजेंसी के रूप में कार्य करने के लिए पात्र हो।

बाजार में अब तक केवल दो एजेंसियों को मिली है मान्यता वर्तमान में बाजार में सिर्फ दो मान्यता एजेंसियां काम कर रहीं हैं। सीडीएसएल वेंचर्स लिमिटेड, जो सीडीएसएल की सहायक कंपनी है। इसके अलावा एनएसडीएल डेटा मैनेजमेंट लिमिटेड, जो एनएसडीएल की एक शाखा है। सेबी के पास कुल पांच केआएर पंजीकृत हैं। बाजार नियामक के अनुसार इस कदम से मान्यता एजेंसियों की संख्या बढ़ेगी। साथ ही उनके बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलने की भी उम्मीद है।

### निवेशकों के लिए केवाईसी प्रक्रिया सरल

केवाईसी एजेंसियों को सेबी की मान्यता मिलने से निवशकों के लिए केवाईसी प्रक्रिया सरल और सुविधाजनक हो जाएगी। इसके बाद वित्तीय संस्थानों में केवाईसी करवाने की जरूरत नहीं होगी।

### एआईएफ की प्रक्रिया को बनाए जाएगा आसान

इसके अलावा सेबी ने वैकल्पिक निवेश फंड्स (एआईएफ) के लिए निवेशकों को मान्यता प्राप्त निवेशक के रूप में ऑनबोर्ड करने की प्रक्रिया को भी आसान बनाने का प्रस्ताव दिया है। इसके तहत एआईएफ का प्रबंधक प्रारंभिक जांच के आधार पर निवेशक को अस्थायी रूप से ऑनबोर्ड कर सकता है। हालांकि, जब तक निवेशक को मान्यता प्रमाण पत्र नहीं मिल जाता, तब तक फंड से कोई निवेश स्वीकार नहीं किया जाएगा। सेबी ने साफ तौर पर कहा कि अगर किसी निवेशक को फाइनल क्लोज से पहले मान्यता प्रमाण पत्र नहीं मिलता, तो उसका योगदान अनुबंध अमान्य माना जाएगा।

**राज-काज**

### शेयर बाजार में इस हफ्ते तेजी का अनुमान

**मुंबई।** इस सप्ताह 100 से ज्यादा कंपनियां अपने मार्च 2025 तिमाही यानी चौथी तिमाही के नतीजे जारी करेंगी। टेक्नोलॉजीज, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्क लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, टेक महिंद्रा और मारुति सुजुकी जैसी बड़ी कंपनियों के भी रिजल्ट्स आएंगे। बाजार की यूरोपियन यूनियन और चीन के साथ अमेरिका की ट्रेड वार्ता पर कड़ी नजर रहेगी। अमेरिका ने चीन को छोड़कर सभी ट्रेड पार्टनर्स के लिए टैरिफ रेट के इम्प्लिमेंटेशन को 90 दिनों तक रोक दिया है। पिछले हफ्ते अमेरिका ने चीन के प्रोडक्ट्स पर 245% टैरिफ की घोषणा की, जिससे दोनों देशों के बीच ट्रेड टैरिफ वॉर बढ़ गई। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दोनों की-पार्टनर्स के साथ समझौते पर पहुंचने की बात कही है। इस बीच पिछले हफ्ते भारतीय इक्विटी में निवेशकों की भावना इस उम्मीद से बढ़ी कि अमेरिका-चीन व्यापार विवाद भारत को नुकसान नहीं।

# डाटा सेंटर-चिप निर्माण का प्रमुख केंद्र बन रहा भारत, निवेश कर रहीं विदेशी कंपनियां

**नई दिल्ली।** पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया के विकसित और विकासशील देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) निवेश के प्रमुख गंतव्य (डेस्टिनेशन) बन गए हैं। इनमें भारत, सिंगापुर और मलयेशिया तेजी से डाटा केंद्र और चिप निर्माण परियोजनाओं के लिए प्रमुख गंतव्य बन रहे हैं। मूडीज एनालिटिक्स की रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई। पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया के विकसित और विकासशील देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) निवेश के प्रमुख गंतव्य (डेस्टिनेशन) बन गए हैं। इनमें भारत, सिंगापुर और मलयेशिया तेजी से डाटा केंद्र और चिप निर्माण परियोजनाओं के लिए प्रमुख गंतव्य बन रहे हैं। मूडीज एनालिटिक्स की रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई।

रिपोर्ट में कहा गया, हालांकि व्यापार और भू-राजनीतिक तनाव अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर रहे हैं, फिर भी एआई की मांग इतनी ज्यादा है कि आपूर्ति कम पड़ जा रही है। इस अंतर को पाटने के लिए वैश्विक निवेशक डाटा केंद्र और सेमीकंडक्टर (चिप निर्माण) परियोजनाओं में पूंजी लगा रहे हैं।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि अमेरिका से बाहर एआई निवेश की हिस्सेदारी वहां आने वाले निवेश की तुलना में ज्यादा है, जो दिखाता है कि अमेरिकी तकनीकी (टेक) कंपनियां दुनिया भर में अपना विस्तार कर रही हैं।इसमें आगे कहा गया, पूर्वी और दक्षिण-पूर्व एशिया के विकसित और विकासशील देश अब प्रमुख निवेश स्थल बन गए हैं। खास तौर पर भारत, सिंगापुर और मलेशिया तेजी से डाटा केंद्र और चिप निर्माण के लिए पसंदीदा गंतव्य बन रहे हैं। ये बाजार कम लागत, बढ़ती मांग और तकनीकी निवेश के लिए अनुकूल नीतियां प्रदान करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और डिजिटल प्रतिभा (टैलेंट पूल) इसे डाटा केंद्र प्रदाताओं और चिप निर्माण कंपनियों के लिए आकर्षक स्थान बनाती है।

# लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार; सेंसेक्स 138 अंक टूटा, निफ्टी भी फिसला

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और अमेरिकी ब्याज दर निर्णय से पहले सतर्कता के कारण बुधवार को बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 138.64 अंक या 0.16 प्रतिशत गिरकर 81,444.66 अंक पर बंद हुआ। कमजोर शुरूआत के बाद सुबह के कारोबार में इंडेक्स 81,858.97 के उच्च स्तर पर पहुंच गया, लेकिन बाद में बढ़त बरकरार नहीं रख सका। सेंसेक्स 346.29 अंक या 0.42 प्रतिशत गिरकर 81,237.01 के निचले स्तर पर पहुंच गया। वहीं, एनएसई निफ्टी 41.35 अंक या 0.17 प्रतिशत गिरकर 24,812.05 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज सबसे ज्यादा 1.79 प्रतिशत घाटे में रही। अडानी पोर्ट्स में 1.55 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनिलीवर में 1.35 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व में 1.16 प्रतिशत और नेस्ले में 0.95 प्रतिशत की गिरावट आई। आईसीआईसीआई बैंक, लार्सन एंड टूब्रो, इंफोसिस, एनटीपीसी और एचसीएल टेक में भी गिरावट के कारण इंडेक्स नीचे आया। दूसरी ओर, इंडसइंड बैंक में 5.12 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एक रिपोर्ट में आगामी 12 महीनों में इसके सकारात्मक प्रदर्शन की आशा जताई गई थी। टाइटन में 1.99 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.24 प्रतिशत तथा मारुति में 1.12 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। बीएसई में 2,447 शेयरों में गिरावट आई, 1,531 में तेजी आई और 137 शेयरों के भाव अपरिवर्तित रहे। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव और तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण घरेलू बाजार शुरूआती बढ़त को बरकरार नहीं रख पाएं। हालांकि, मांग में सुधार की उम्मीद में ऑटो और उपभोक्ता विवेकाधीन शेयरों में तेजी आई। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि निफ्टी में शुरूआत में बढ़त दर्ज की गई, लेकिन मुख्य रूप से हैवीवेट शेयरों के दबाव के कारण यह तेजी बरकरार नहीं रह सकी। मिश्रा ने कहा कि गुरुवार को कारोबार के दौरान बाजार अमेरिकी फेडरल नीति बैठक के नतीजों पर प्रतिक्रिया देगा।




आगरा में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर एक आम से लदा वाहन फ्लाईओवर से नीचे गिर गया, जिसके बाद घटनास्थल पर मौजूद पुलिसकर्मी। अधिकारियों के अनुसार, इस घटना में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई।

### सीएम ने योग दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी की समीक्षा की

# योग मिटाए रोग, इसलिए रोज करें योग - सीएम यादव

संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि योग शरीर का रोग मिटाकर इसे विकार मुक्त करता है। स्वस्थ काया के लिए सबको रोज योग करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर पुरातन योग पद्धति को अब अंतर्राष्ट्रीय मान्यता मिल चुकी है और इसीलिए सिर्फ भारत में नहीं, वरन् पूरे विश्व में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 21 जून को होने वाले आयोजन की तैयारी को लेकर समीक्षा कर रहे थे।

**समीक्षा**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे हर्षोल्लास और मनोयोग से मनाया जाए। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार इस दिन वर्षा की आशंका को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को राज्य स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के लिए ऐसे स्थल का चयन करने के निर्देश दिए, जो ऊपर से कवर्ड (शेडयुक्त) हो और उसमें अधिकतम प्रतिभागी भाग ले सकें।

उन्होंने कहा कि योगाभ्यास में सबकी सहभागिता हो सिर्फ बच्चे ही नहीं, युवा, बुजुर्ग, महिलाएं सभी शामिल हों। योगाभ्यास कार्यक्रम की समुचित एवं सुनियोजित तैयारियां की जाएं। योगाभ्यास स्थल पर पानी का जमाव न होने पाए, कार्यक्रम स्थल तक सहज पहुंच और पार्किंग की भी समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास कार्यक्रम यथासंभव स्कूल, महाविद्यालय, मेडिकल कॉलेज या ऐसी अन्य शिक्षण संस्थाओं के कवर्ड कैम्पस में आयोजित किए जाएं।

बैठक में उच्च शिक्षा, आयुष और तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन, अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण मनु श्रीवास्तव, अपर मुख्य सचिव महिला एवं बाल विकास रश्मि अरूण शमी, अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे, प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन शिवशेखर शुक्ला, सचिव एवं आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े, सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में प्रमुख सचिव आयुष डी.पी. आहूजा ने बताया कि इस वर्ष केन्द्र सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' तय की गई है। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को सुबह 6.00 से 6.20 बजे तक स्थानीय कार्यक्रम एवं जनप्रतिनिधियों के उद्बोधन होंगे। सुबह 6.20 से 6.30 बजे तक भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया जायेगा। सुबह 6.30 से 7.00 बजे तक विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया जायेगा। सुबह 7.00 से 7.45 बजे तक सामान्य योग प्रोटोकॉल का सामूहिक योगाभ्यास सभी प्रतिभागियों द्वारा किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा।

### उज्जैन में रामायणकालीन लक्ष्मण बावड़ी को मिला नवजीवन

## मुख्यमंत्री ने की पुनरूद्धार कार्य की सराहना



**उज्जैन**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पुरानी जल-संरचनाओं को फिर से उसी स्वरूप में लाने के लिए चलाए गए जल गंगा संवर्धन अभियान ने उज्जैन की रामायणकालीन लक्ष्मण बावड़ी को नवजीवन के साथ पुरानी वैभव भी लौटाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस शानदार कार्य की सराहना की है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों मुख्यमंत्री डॉ. यादव अपने उज्जैन प्रवास के दौरान चिंतामण स्थित लक्ष्मी बावड़ी पहुंचे थे और बावड़ी उत्सव में शामिल होकर जीर्णोद्धार कार्य की शुरूआत पूजन करके की थी। उज्जैन में चिंतामण मंदिर स्थित लक्ष्मण बावड़ी का भी साफ-सफाई, रंगरोगन और पुनरुद्धार कार्य किया गया। प्राचीन लक्ष्मण बावड़ी एक अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक एवं पौराणिक स्थल है। इस बावड़ी का उल्लेख कई प्राचीन ग्रंथों में भी मिलता है। जन आस्था के अनुसार इसके जल को पवित्र और चमत्कारी माना जाता रहा है। यह बावड़ी रामायण काल से आज तक उज्जैन की धरती पर स्थित है और स्थानीय जनआस्था का केन्द्र बनी रही है। लेकिन समय के साथ रखरखाव की कमी के चलते यह अपना मूल स्वरूप खो चुकी थी। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत लक्ष्मण बावड़ी में किए गए कार्य के बाद बावड़ी को पुनर्जीवन मिला। भागीरथी प्रयासों से आज यह प्राचीन बावड़ी फिर से अपने पौराणिक स्वरूप में लौट आई है और आस्था के केन्द्र के रूप में पुनः स्थापित हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्वयं 'बावड़ी उत्सव' के दौरान इसी स्थान पर पहुंचे, उन्होंने बावड़ी का निरीक्षण, पूजन किया और जल संरक्षण का संदेश भी दिया।

## शॉट न्यूज

### सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए उपचार स्कीम शुरू

**भोपाल**। परिवहन सचिव ने सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए नकदी रहित उपचार योजना के क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर्स को निर्देश दिये हैं। निर्देश में कहा गया है कि सड़क दुर्घटना पीड़ितों को नकदी रहित उपचार स्कीम के संबंध में उनके अधीनस्थ अधिकारी को यह जिम्मेदारी दी जाये। इसके साथ ही प्रकरणों की नियमित मॉनीटरिंग की जाये। संभाग के सभी कमिश्नर को इस व्यवस्था की नियमित मॉनीटरिंग किये जाने के लिये भी कहा गया है। सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं को रोकने के लिये सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर निर्देश दिये जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी सम्पूर्ण देश में इसकी नियमित मॉनीटरिंग कर रही है। यह कमेटी विभिन्न राज्यों से रिपोर्ट प्राप्त कर सड़क सुरक्षा संबंधी विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर सर्वोच्च न्यायालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत करती है।

### डंपर की चपेट में आए दो युवक गंभीर घायल

**छिंदवाड़ा**। छिंदवाड़ा के लिंगा बायपास पर तेज रफ्तार डंपर और बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना मोहखेड़ थाना अंतर्गत उमरानाला चौकी क्षेत्र में मंगलवार शाम को हुई। उमरानाला चौकी प्रभारी पारसनाथ आर्मो ने बताया कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सीधे डंपर के नीचे आ गए। घायलों की पहचान बण्डाबोह निवासी आकाश पिता देवराव भलावी (30) और घड़ भलावी (80) के रूप में हुई है। दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। फिलहाल दोनों का इलाज जारी है। हादसे में शामिल डंपर का क्रमांक MP28H1220 बताया जा रहा है, जो एक होंडा बाइक से टकरा गया था। टक्कर के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोग गुस्से में आ गए और डंपर में जमकर तोड़फोड़ कर दी।

## मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग और स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के बीच फिल्म प्रोडक्शन के क्षेत्र में एमओयू



संवाददाता ● भोपाल

मध्यप्रदेश को फिल्म निर्माण और क्रिएटिव उद्योग के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) और मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू का आदान-प्रदान किया गया।इस समझौते का उद्देश्य राज्य में फिल्म प्रोडक्शन, मीडिया शिक्षा, स्किल डवलपमेंट, और युवाओं के लिए रोजगार सृजन के नए अवसरों को बढ़ावा देना है। एमओयू के माध्यम से युवाओं को फिल्म निर्माण, स्क्रिप्ट राइटिंग, कैमरा ऑपरेशन, एडिटिंग, और प्रोडक्शन मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे तेजी से बढ़ती क्रिएटिव इंडस्ट्री में सफल करियर बना सकें। इस गरिमामयी अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव, पर्यटन मंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी, पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव श्री शिव शेखर शुक्ला, ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमति दीपाली रस्तोगी की विशेष उपस्थिति रही। स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी की ओर से कुलपति डॉ. विजय सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. सीतेश सिन्हा, विश्वरंग फाउंडेशन सीईओ विकास अवस्थी एवं अन्य वरिष्ठ प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने इस साझेदारी को और सशक्त बनाया। यह समझौता न केवल राज्य में रचनात्मक उद्योगों को गति देगा, बल्कि युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त कदम साबित होगा।

## युवतियों ने आपस में की शादी, परिवार से तोड़ा नाता

### छतरपुर में शपथ पत्र बनाकर कहा- अब साथ रहेंगे

**छतरपुर**। छतरपुर में 21 और 24 साल की दो युवतियों ने आपस में शादी कर ली। दोनों ने समलैंगिक रिश्ते को स्वीकार करते हुए शपथ-पत्र बनाकर साथ रहने की सहमति जताई। उन्होंने कहा कि अब हमारा परिवार को कोई नाता नहीं है। हम दोनों साथ रहेंगे। मामला नौगांव तहसील क्षेत्र के एक गांव का है। दो दिन पहले दोनों युवतियां अचानक घर से लापता हो गई थीं। परिजन ने नौगांव थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद युवतियों ने पुलिस से बताया कि वे एक-दूसरे से प्रेम करती हैं और साथ रहना चाहती हैं। छतरपुर में 3 महीने में समलैंगिक शादी का ये दूसरा मामला है। इससे पहले दौरिया गांव की 23 वर्षीय सोनम यादव और असम की रहने वाली मानसी वर्मन ने पुलिस की मौजूदगी में थाने के बाहर मार्च में शादी की थी। 21 वर्षीय युवती ने शपथपत्र में कहा कि मैं बालिग हूं, शिक्षित हूं और मानसिक रूप से सक्षम हूं। यह रिश्ता मेरी मर्जी से है। मैंने परिवार को नहीं बताया और अब कोई संबंध नहीं रखती। अगर कोई विवाद हुआ तो उसकी जिम्मेदारी मेरी होगी। परिवार के लोग इस रिश्ते को स्वीकार नहीं कर रहे, इसलिए हमने सुरक्षा के लिए कानूनी रास्ता चुना है। अब हम साथ रहेंगे। दूसरी युवती ने बताया कि वह 12वीं पास है और दो साल पहले 9 दिसंबर 2023 को दोनों ने मंदिर के पास विवाह किया था। तब से अपने-अपने घर में रह रही थी। उन्होंने कहा कि हम दोनों बालिग हैं। परिवार साथ नहीं रहने दे रहा, इसलिए कोर्ट में शपथपत्र देकर शादी की है। नौगांव थाना प्रभारी सटीक सिंह ने बताया कि दोनों युवतियां सुरक्षा के लिए आई थीं। एक दिन पहले उनके माता-पिता गुमशुदगी की रिपोर्ट देने आए थे। लेकिन अब तक थाने में इस मामले को लेकर कोई शिकायत नहीं आई है।

### जिस सामान्य सीट पर दलित-आदिवासी निर्णायक

## परिसीमन के पहले 45 विधानसभाओं पर बीजेपी का प्लान



संवाददाता ● भोपाल

मध्यप्रदेश के भाजपा विधायकों और सांसदों को पचमढ़ी में 3 दिनों तक अलग-अलग विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर में बीजेपी ने दलित-आदिवासी वर्ग के प्रभाव वाली सीटों को लेकर विधायकों, सांसदों के ग्रुप बनाकर चर्चा की। इस चर्चा में बीजेपी ने विधायकों को यह टारगेट दिया है कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र के उन वर्गों से बातचीत करें जो हार-जीत तय करते हैं। बीजेपी ने उन सीटों को इस लिस्ट में रखा है जो सामान्य यानी अनारक्षित हैं। लेकिन, हार जीत में दलित आदिवासी वर्ग के वोटर महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। इस चर्चा से साफ है कि आगामी समय में इन 45 अनारक्षित विधानसभाओं में से कुछ सीटें आरक्षित हो सकती हैं। इनको लेकर बीजेपी गंभीर है और परिसीमन के बाद होने वाले चुनाव की तैयारी में जुट गई है।

**तीन समूहों में हुई चर्चा** - इस ग्रुप डिस्कशन में तीन प्रकार से विधानसभा सीटों को विभाजित किया गया था। पहले समूह में एससी वर्ग के प्रभाव वाली 71 विधानसभा सीटों के विधायकों के साथ चर्चा की गई। इस समूह की बैठक को क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल ने संबोधित किया। दूसरे समूह में आदिवासी वर्ग के प्रभाव वाली 56 सीटों के विधायकों को रखा गया। इस समूह से प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने चर्चा की। तीसरे ग्रुप में अन्य 74 विधानसभा सीटों के विधायकों, सांसदों के साथ मंत्री राकेश सिंह ने चर्चा की।

**प्रभावी वर्ग से पूछें- सरकार से क्या हैं अपेक्षाएं** - समूह चर्चा में विधायकों से कहा गया कि अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के लिए जो क्षेत्र आरक्षित हैं वहां के विधायकों को अनुसूचित जाति, आदिवासी वर्ग के लोगों के बीच जाकर ये जानने का प्रयास करना चाहिए कि क्या उन्हें शासन की योजना का पात्रता के अनुसार फायदा मिल रहा है या नहीं? लोगों, युवाओं, महिलाओं और स्थानीय स्तर पर किसानों से बातचीत कर यह जानने की कोशिश करें कि वे सरकार से क्या चाहते हैं? भाजपा से इन वर्गों की क्या अपेक्षा है? उनकी परेशानियां क्या हैं? बैठक में इस बात पर खासा जोर दिया गया कि जिन वर्गों के मतदाता प्रभावशाली भूमिका में हैं यदि वे किसी और दल के साथ जुड़े हैं तो उन्हें जोड़ने का प्रयास करें। पढ़े-लिखे युवाओं, और दलित वर्ग के इंजीनियर, डॉक्टर, वकील, व्यवसायियों को जोड़ने का प्रयास करें।

# राजधानी में 13 पंचायत सचिवों के तबादले

### सालों से एक जगह पर जमे थे; अब ज्वाइन के बाद ही मिलेगी सैलरी-छुट्टी

संवाददाता ● भोपाल




कई साल से एक ही ग्राम पंचायत में जमे भोपाल के 13 पंचायत सचिवों के तबादले किए गए हैं। इन्हें मिलाकर 7 दिन में कुल 43 सचिवों का ट्रांसफर किया जा चुका हैं।

**ट्रांसफर**

खास बात ये है कि इन्हें पुरानी पंचायत से कार्यमुक्त होने और नई पंचायत में ज्वाइन करने के बाद ही सैलरी और छुट्टी मिलेगी। इससे पहले, 10 जून को जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप ने 30 सचिवों की लिस्ट को मंजूरी दी थी। वहीं, तबादलों की समय सीमा 17 जून की देर रात 13 सचिवों की एक और लिस्ट जारी की गई। क्राइटेरिया के साथ ही जनप्रतिनिधियों की पसंद का ध्यान भी रखा गया। इसके बाद लिस्ट जारी की गई। भोपाल में कुल 222 ग्राम पंचायतें हैं। वहीं, दो जनपदें बैरसिया और फंदा है।

**14 दिन में नई पंचायत में काम संभालना होगा**

जिन ग्राम पंचायतों को एक पंचायत से दूसरी पंचायत में भेजा गया है, उन्हें 14 दिन के अंदर काम संभालना होगा। अपनी उपस्थिति लिखित में देना होगी। ट्रांसफर वाली ग्राम पंचायत में यदि किसी ग्राम के सचिव के नातेदार पंचायत का पदाधिकारी चुन लिया गया हो या पूर्व से हो तो ऐसी पंचायत में किया गया ट्रांसफर स्वतः ही निरस्त माना जाएगा। किसी भी पंचायत सचिव का उसकी पैतृक या ससुराल की ग्राम पंचायत में किया गया तबादला भी निरस्त माना जाएगा। समय पर कार्यभार ग्रहण नहीं करने पर कार्रवाई होगी। कार्यमुक्त होने और नई ज्वाइन के बाद ही वेतन मिलेगा। वहीं, सचिव छुट्टी भी ले सकेंगे।

### खदान के गड्ढे में डूबे युवक का शव मिला

**ग्वालियर**। ग्वालियर में दोस्त के साथ पार्टी कर रहा एक युवक खदान के गड्ढे में नहाने कूद गया। कुछ देर तक वह पानी की सतह पर दिखा फिर अचानक गायब हो गया। युवक के तालाब में गुम होने पर वहां मौजूद लोगों ने शोर मचाया। तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस एनडीआरएफ की मदद से रेस्क्यू शुरू किया। तीन दिन में 18 घंटे सर्चिंग की उसके बाद आखिरकार बुधवार सुबह खदान के गड्ढे में मिल गया है। पुलिस ने शव को निगरानी में ले लिया है। साथ ही पोस्टमार्टम हाउस के लिए भेज दिया गया है। घटना सोमवार शाम चार बजे घटी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। मुरैना के जौरा निवासी हरीश चौधरी ग्वालियर में महाराजपुरा इलाके में विक्रमपुर पहाड़ी के पास रहकर मजदूरी करता था। सोमवार को उसने अपने दोस्त दीपक धानुक के साथ पार्टी की और दोनों पानी में नहाने के लिए चले गए।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी रहेंगे मौजूद

# 'ग्रामीण रंग, पर्यटन संग' राज्य स्तरीय उत्सव आज

संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में ग्रामीण पर्यटन से स्वरोजगार व आर्थिक उन्नति को प्रोत्साहित करने के लिये आज सुबह 11 बजे से कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कंवेंशन सेंटर में "ग्रामीण रंग, पर्यटन संग" राज्य स्तरीय उत्सव का आयोजन किया जाएगा। उत्सव में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में ग्रामीण पर्यटन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हितधारकों और सहयोगियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड, श्री शिव शेखर शुक्ला ने 'ग्रामीण पर्यटन' के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की समृद्ध संस्कृति, विरासत, तीज-त्योहार, पर्व और स्वादिष्ट खान-पान का अनुभव ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे करीब से देखने को मिलता है। आज के समय में पर्यटक शांति की तलाश में मध्यप्रदेश के प्राकृतिक सौंदर्य और ग्रामीण परिवेश की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

**उत्सव**

प्रमुख सचिव शुक्ला ने बताया कि पर्यटकों की सुविधा के लिए प्रदेश की रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म मिशन वेबसाइट की ई-लॉन्चिंग भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे। सर्वश्रेष्ठ 6 होमस्टे (3 ग्रामीण, 3 नगरीय), विकास में ग्रामीण पर्यटन के उत्कृष्ट योगदान देने वाले 16 पर्यटन ग्रामों के सरपंचों, 8 परियोजना सहयोगी संस्थाओं और 10 जिला कलेक्टर्स को भी पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर 14 नवीन होमस्टे का उद्घाटन और 60 पर्यटन गांवों के होमस्टे मालिकों को किट वितरित की जाएगी। ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने, आजीविका के अवसर सृजित करने, महिलाओं और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने तथा होमस्टे क्लस्टर और पर्यटक ग्रामों में पर्यटन अधोसंरचना में सुधार के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड (एमपीटीबी) और दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट (पतंजलि) के बीच एमओयू किया जाएगा। ऊर्जा दक्ष एलईडी या सौर चलित स्ट्रीट लाइट्स की 61 पर्यटक गांवों में स्थापना के लिए एमपीटीबी और सिग्निफाई इनोवेशंस इंडिया लिमिटेड के बीच एमओयू होगा। प्रदेश में पर्यटन, फिल्म निर्माण और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिये मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड और स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के बीच ग्रामीण होमस्टे को डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर सशक्त बनाने और उन्हें ओटीए प्लेटफॉर्म्स ऑनलाइन ट्रेवल एजेंसी पर जोड़ने के लिए मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड और मध्यप्रदेश स्टेट टूरिज्म डेवेलपमेंट कॉर्पोरेशन के बीच एमओयू होगा। 'ग्रामीण रंग, पर्यटन संग' उत्सव का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण पर्यटन केंद्रित गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है। ग्रामीण पर्यटन परियोजना मध्यप्रदेश के 37 जिलों के कुल 100 ग्रामों में संचालित की जा रही है। इनमें से 63 ग्रामों में कार्य प्रारंभ किया जा चुका है और अब तक 294 होमस्टे निर्माण पूर्ण हो चुके हैं, जिनमें से 241 होमस्टे सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। कार्यक्रम में पर्यटन क्षेत्र के हितधारक, परियोजना सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि, ग्राम पंचायतों के सरपंच, होम स्टे संचालक एवं महिलाएं उपस्थित रहेंगे।

## मंदसौर में 3 युवकों के कपड़े उतरवाकर पीटा

**मंदसौर**। मंदसौर जिले के सीतामऊ थाना क्षेत्र में ट्रांसफार्मर से तेल चोरी करने के आरोप में तीन लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और कपड़े उतरवाकर उन्हें जमकर पीटा। घटना 15 जून की है, जिसका वीडियो कल सामने आया है। वीडियो में मारपीट करते लोग नजर आ रहे हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, जिन लोगों को पीटा गया, वे ऑयल चोरी के मामले में पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। वीडियो में दिख रहा है कि तीन लोगों को कपड़े उतरवाकर पीटा जा रहा है। घटना ग्राम सेमलियारानी की है, जहां खेत में लगे ट्रांसफार्मर से ऑयल चोरी करते इन लोगों को पकड़ा गया था। मारपीट करने वालों ने खुद ही इस घटना का वीडियो बनाया है। एसपी अभिषेक आनंद ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई निंदनीय है। जिनके साथ मारपीट हुई, वे ट्रांसफार्मर तेल चोरी में लिप्त हैं। उनके खिलाफ पहले ही केस दर्ज हो चुका है। मारपीट करने वालों की पहचान कर खिलाफ भी अपराध दर्ज किया जाएगा। सेमलियारानी निवासी उदयलाल ने 16 जून को पुलिस में शिकायत दी थी कि उसके खेत के ट्रांसफार्मर से ऑयल चोरी हुआ है। जांच में पुलिस ने माऊखेड़ा निवासी राहुल मोगिया, अर्जुन ब्राह्मण और कुशालपुरा के शांतिलाल मोगिया को गिरफ्तार किया। पुलिस ने तीनों के पास से 80 लीटर ट्रांसफार्मर ऑयल, एक आयशर ट्रैक्टर और कंप्रेसर मशीन जब्त की।



# स्वरा भास्कर के ऐसा ट्वीट देखकर खौल उठा लोगों का

स्वरा भास्कर का नाम बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में शुमार है, जो किसी भी मुद्दे पर बातचीत करने से पीछे नहीं रहती हैं। हांलाकि, इस वजह से एक्ट्रेस को काफी बार सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता है। हाल ही में स्वरा ने अपने एक्स अकाउंट पर फिर से एक ऐसा ट्वीट कर दिया है, जिसे देखकर कई भारतीयों का गुस्सा चरम पर पहुंच चुका है। 'प्रेम रतन धन पायो' एक्ट्रेस को उनके इस पोस्ट की वजह से सोशल मीडिया पर लोग दूसरे देश जाकर वहीं पर बसने की नसीहत दे रहे हैं। ऐसा उन्होंने क्या लिखा स्वरा भास्कर ने एक्स अकाउंट पर फिलिस्तीन को सपोर्ट करते हुए इजरायल के गाजा अटैक के खिलाफ ट्वीट किया है। उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए लोगों से मुंबई में फिलिस्तीन के समर्थन में होने वाली रैली में लोगों से शामिल होने की गुजारिश की। एक्ट्रेस ने लिखा, 'मुंबई..शो अप फॉर फिलिस्तीन ऑन 18 जून'। इसके साथ ही उन्होंने हैशटैग में लिखा, फिलिस्तीन में नरसंहार रोको। अब उनके इस पोस्ट को देखकर हर भारतीय का गुस्सा भड़क उठा है।

# शोएब इब्राहिम ने पत्नी दीपिका कक्कड़ से छुपाई थी ये बात, सर्जरी के बाद एक्ट्रेस ने शेयर किया वीडियो

टीवी इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री और 'ससुराल सिमर का' फेम दीपिका कक्कड़ ने हाल ही में एक ऐसी जंग जीती है, जिसे सुनकर फैंस के दिल दहल गए थे। कुछ दिनों पहले उनके पति शोएब इब्राहिम ने अपने व्लॉग के जरिए खुलासा किया था कि दीपिका को स्टेज 2 का लिवर कैंसर डिटेक्ट हुआ है। ये खबर सामने आते ही उनके फैंस और शुभचिंतक काफी घबरा गए थे। हालांकि, अब एक राहत भरी खबर आई है कि दीपिका 14 घंटे की सर्जरी और 11 दिनों के हॉस्पिटलाइजेशन के बाद आखिरकार घर लौट आई हैं। घर पहुंचने के तुरंत बाद दीपिका कक्कड़ ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक 23 मिनट लंबा इमोशनल व्लॉग शेयर किया, जिसमें उन्होंने इस कठिन समय के बारे में खुलकर बात की। वीडियो में उन्होंने बताया कि कैसे एक महीने पहले उन्हें ट्यूमर की जानकारी मिली और डॉक्टरों ने ऑपरेशन की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि "सर्जरी" शब्द सुनते ही वह घबरा गई थीं। दीपिका ने खुलासा किया कि उनके पति शोएब इब्राहिम को उनकी बीमारी के बारे में पहले ही पता था, लेकिन उन्होंने ये बात दीपिका से छुपाई ताकि वह ज्यादा स्ट्रेस न लें। दीपिका ने बताया, "मैंने जब डॉक्टर्स से रिपोर्ट पूछी तो उन्होंने गोलमोल जवाब दिया। जब मैंने खुद रिपोर्ट पढ़ी, तो मेरी आंखों के सामने अंधेरा छा गया। उस वक्त मैं और शोएब अस्पताल के कॉरिडोर में थे और हम दोनों बुरी तरह टूट चुके थे।" इस कठिन वक्त में दीपिका को एक और बात ने सबसे ज्यादा परेशान किया, वह थी अपने बेटे रूहान से दूर रहना। उन्होंने कहा, "मेरे लिए सबसे दर्दनाक पल वो था, जब मुझे रूहान को एक दिन के लिए छोड़कर हॉस्पिटल जाना पड़ा। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे ऐसा करना पड़ेगा। उस रात मैं बहुत रोई।" दीपिका ने वीडियो में आगे बताया कि उनका इलाज अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है और यह सफर अभी जारी रहेगा।



# ऐश्वर्या राय बच्चन के दीवाने थे जायद खान, कहा- उनकी फोटो को मैंने अपने....

ऐश्वर्या राय बच्चन एक ऐसी एक्ट्रेस हैं जिन्हें ना सिर्फ फैंस पसंद करते हैं बल्कि इंडस्ट्री के कई लोग भी उनकी खूबसूरती के दीवाने हैं। सभी स्टार्स ऐश्वर्या की तारीफ करते हैं। अब एक एक्टर के बारे में आपको बताते हैं जिन्हें ऐश्वर्या इतनी पसंद थीं कि उन्होंने एक्ट्रेस की फोटो अपने लॉकर रूम में रखी थी। यह और कोई नहीं बल्कि जायद खान हैं। जायद खान ने सिद्धार्थ कनन ने कहा, 'ऐश कितनी प्रोफेशनल थीं और खूबसूरत भी हैं। मैं ऐश का फैन था जब वह मिस वर्ल्ड बनीं। मेरे लॉकर रूम में उनकी फोटो थी। मैं यही सोचता था कि यह महिला की खूबसूरत हैं। जब मैंने स्क्रिप्ट सुनी और उन्होंने बताया कि ऐश फिल्म में हैं तो मैंने कहा हां बताओ कहां साइन करना है। मेरा उनके साथ काम करने का खूबसूरत एक्सपीरियंस था। वह काफी शानदार को-स्टार हैं जिनके साथ काम कर सकते हैं क्योंकि वह जानती हैं आपके साथ कैसा खेलना है।' जायद ने फिर ऐश्वर्या की तारीफ की कैसे वह सेट पर टाइम आती थीं और उनके साथ रिहर्सल के लिए बोलती थीं। जायद ने कहा, 'कई बार एक्टर्स इतना टाइम लगाते हैं या फिर सेट पर काफी ड्रामा करते हैं और इससे काम पर फर्क पड़ता है।



## काजोल ने कहा- सलमान की स्टार पावर को कोई छू भी नहीं सकता

बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल इंडस्ट्री की सबसे सफल एक्ट्रेसेज में से एक हैं। उन्होंने इंडस्ट्री के तमाम बड़े एक्टर्स के साथ काम कर अपनी परफॉरमेंस से इम्प्रेस किया है। अब एक्ट्रेस माइथोलॉजिकल हॉरर फिल्म मां में नजर आने वाली हैं। फिल्म को प्रोमोट करने के दौरान एक्ट्रेस ने सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान के बारे में बात की। एक्ट्रेस इंडस्ट्री के इन तीनों खान के साथ काम कर चुकी हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि सलमान खान की स्टार पावर और औरा किसी दूसरे एक्टर से मैच नहीं किया जा सकता। हाल में Galatta India को दिए एक इंटरव्यू में काजोल ने शाहरुख खान और आमिर खान को प्रोफेशनल और जुनूनी एक्टर्स बताया। एक्ट्रेस ने कहा ये एक्टर्स अपने काम के प्रति समर्पित हैं और इसे गंभीरता से लेते हैं। लेकिन सलमान खान स्टारडम अलग ही है। काजोल कहती हैं। 'सलमान तो सलमान खान हैं। आप इस बात पर बहस नहीं कर सकते। वह इतने सालों से एक जैसे ही बने हुए हैं और यह अपने आप में विश्वास से परे बात है। यहां तक कि आमिर ने भी एक बार कहा था, 'सलमान सच में मुझसे बड़े स्टार हैं, क्योंकि उनकी फिल्म चाहे कैसा भी परफॉर्म करे, वह 100 करोड़ रुपये पार कर ही जाती है। और उनके फैंस उन्हें पागलों की तरह चाहते करते हैं। काजोल को जब बताया गया कि अक्षय कुमार की भी 18 फिल्में 100 करोड़ पार की है, जितनी सलमान की हैं। इस पर काजोल ने कहा, 'वाह, ये तो शानदार है। लेकिन जब हम प्योर स्टार पावर की बात करते हैं, तो सलमान को कोई छू भी नहीं सकता, अक्षय भी इस बात से सहमत होंगे।'बता दें, काजोल और सलमान खान ने 'प्यार किया तो डरना क्या' और 'कुछ कुछ होता है' में साथ काम किया था। दोनों की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री जबरदस्त थी।

# जब रेखा के कहने पर कटा अरुणा ईरानी का सीन

एक्ट्रेस अरुणा ईरानी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि रेखा ने उन्हें एक फिल्म से हटवा दिया था और दूसरी फिल्म में उनके सीन भी कटवा दिए थे। लेहरेन रेट्रो चैनल को दिए इंटरव्यू में अरुणा ने कहा कि उन्होंने और रेखा ने एक साथ 'औरत औरत औरत' नाम की फिल्म में काम किया था। इस फिल्म को बनने में छह साल लगे। अरुणा के मुताबिक, फिल्म में उनका किरदार बहुत मजबूत था, लेकिन शूटिंग के दौरान उनके सीन धीरे-धीरे कम कर दिए गए। वहीं, अरुणा ने बताया कि मंगलसूत्र नाम की एक और फिल्म से भी उन्हें हटा दिया गया था। यह फिल्म उन्हें साइन करने के बाद मिली थी, लेकिन बाद में प्रोड्यूसर ने उन्हें फिल्म से निकाल दिया। अरुणा ने बताया, "मैंने प्रोड्यूसर से पूछा कि साइनिंग अमाउंट देने के बाद भी क्यों हटाया? तो उन्होंने कहा, 'रेखा जी नहीं चाहती थीं कि आप फिल्म में रहें।' जब मैंने रेखा से पूछा, तो उन्होंने कहा, 'अरुणा, अगर तुम ये रोल इमोशनली अच्छी तरह कर लोगी, तो मैं फिल्म में वैम्प (रेखा) लगने लगूंगी।' इसलिए उन्होंने मुझे फिल्म से हटा दिया।" हालांकि, अरुणा ने यह भी कहा कि रेखा अब भी उनकी दोस्त हैं, लेकिन उस वक्त उन्होंने फिल्म से हटवा दिया था।



# सलमान खान ने सेट पर करिश्मा कपूर को चूमने की कोशिश

**एक्ट्रेस ने ऐसे संभाली सिचुएशन वरना...**

90 के दशक में एक ऐसी जोड़ी थी, जिनका फिल्मों में आना हिट होने की गारंटी मानी जाती थी। ये जोड़ी थी सलमान और करिश्मा की, जिन्होंने साथ में कई फिल्मों में काम किया और कई हिट भी दीं। लेकिन हाल ही में सलमान करिश्मा का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें सलमान करिश्मा के हुस्न में अपना आपा खोते नजर आ रहे हैं। कपूर खानदान की बेटी करिश्मा कपूर ने जब फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा तो हर कोई उनके हुस्न का दीवाना बन गया। उन्होंने एक के बाद कई हिट फिल्में भी दीं। 90 के दशक में करिश्मा की जोड़ी गोविंदा के साथ खूब पसंद की जाती थी लेकिन गोविंदा के अलावा उन्हें सलमान के साथ भी खूब पसंद किया जाता था। सलमान करिश्मा ने साथ में जुड़वा, हम साथ-साथ हैं, दुल्हन हम ले जाएंगे, चल मेरे भाई, बीवी नंबर 1, जैसी हिट फिल्मों में काम किया है। इन्हीं फिल्मों में से एक फिल्म के एक गाने का बिहाइंड द सीन वायरल हो रहा है। ये वीडियो सलमान और करिश्मा की फिल्म 'चल मेरे भाई' का है, जिसमें वो एक गाना शूट कर रहे हैं और गाना शूट करते-करते सलमान करिश्मा का को किस करने की कोशिश करते दिख रहे हैं। ये वीडियो सामने आते ही कुछ लोग सलमान खान के पक्ष में आए और उस वीडियो को AI द्वारा बनाए होने का दावा किया। लेकिन जब इस गाने के बिहाइंड द सीन को देखा गया तो पता चला कि असल में सलमान ने करिश्मा को किस करने की कोशिश की थी। अब वो किस वाकई में स्क्रिप्ट का हिस्सा थी या नहीं... ये तो पता नहीं चल पाया है। लेकिन सॉन्ग में ये किस दिखाया नहीं गया है। अब बात करते हैं कमेंट सेक्शन की तो कुछ लोगों ने कहा कि करिश्मा और सलमान साथ में अच्छे लगते हैं और उन्हें शादी कर लेनी चाहिए। एक यूजर ने तो चौंकाने वाला दावा करते हुए लिखा- 'उस समय उनका अफेयर चल रहा था, उस समय की मैगजीन के मुताबिक, यहां तककि करिश्मा ने कपिल शर्मा शो में भी माना था कि उन्हें सलमान पर क्रश है।' एक और यूजर ने लिखा- 'सलमान को करिश्मा पसंद थी, वो भी उन्हें पसंद करती थी वो दोनों गुपचुप तरीके से डेट कर रहे थे वो बहुत खूबसूरत लग रही हैं और सलमान फिदा हो गए'। एक और यूजर ने लिखा- 'मुझे समझ नहीं आया कि इन दोनों ने शादी क्यों नहीं की।'

# सन नियो का 'दिव्य प्रेम : प्यार और रहस्य की कहानी' शो मेट्रो की यात्रा को बना रहा जादुई अनुभव!


आज के मनोरंजन के दौर में बात सिर्फ क्या देखने की नहीं रही, बल्कि कैसे और कहां देखने की भी है। जैसे-जैसे कहानियों को प्रस्तुत करने के तरीके और भी ज्यादा प्रभावशाली होते जा रहे हैं, वैसी ही कोशिशें भी की जा रही हैं ताकि दर्शकों से असल ज़िंदगी में जुड़ा जाए। भारत में रोज़मर्रा की ज़िंदगी का अभिन्न हिस्सा बन चुकी मेट्रो अब बन गई है एक रहस्यमयी प्रेम कहानी की साक्षी। सन नियो के अपकमिंग शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' के टीज़र ने दिल्ली मेट्रो की यात्रा को एक अद्भुत अनुभव में बदल दिया। यात्रियों को मेट्रो में सफर के दौरान सुनाई दी कर्ण मोहिनी (कविता बनर्जी द्वारा अभिनीत किरदार) की रहस्यमयी आवाज़ "सब माया है" और दिव्या (मेघा रे द्वारा अभिनीत किरदार) की दिव्य चेतना से भरी वाणी— "मायावन की कर्ण मोहिनी और उसकी माया की होगी हार, क्योंकि कण-कण में बसा है महाकाल।" इस ऑडियो टीज़र ने यात्रियों के मन में उत्सुकता और जिज्ञासा जगा दी, जिससे कहानी की रहस्यमयी दुनिया की एक झलक पहले ही मिल गई। अभिनेत्री मेघा रे ने इस अनोखे अनुभव पर कहा, "मेट्रो में आम लोगों के बीच उनके जीवन से खुदको जोड़ना वाकई जादुई है। जहां रोज़ की कहानियां जन्म लेती हैं, वहीं अब हमारी कहानी भी अपनी जगह बना रही है। शो शुरू होने से पहले ही दर्शकों से आत्मिक जुड़ाव की शुरुआत कर रहा जो एक सुंदर शुरुआत है।" कर्ण मोहिनी की भूमिका निभा रही कविता बैनर्जी ने कहा, "मेरा किरदार रहस्य और माया पर आधारित है। यह कैंपेन इस तत्व को जीवंत करता है। मेरी आवाज़, उसकी गूंज और अचानक इसका लोगों को सुनाई देना। इन सबसे जो रहस्य पैदा होता है, वह दर्शकों को खींच लाता है। यह प्रचार एक साहसी और रचनात्मक प्रयोग है।" यह कहानी उज्जैन की एक साधारण सी लड़की दिव्या की है, जिसकी ज़िंदगी तब बदल जाती है जब किस्मत उसे प्रेम से मिलाती है। एक प्रकाश की और एक अंधकार दो दुनियाओं के बीच यह कहानी प्रेम, रहस्य और प्राचीन शक्तियों को जोड़ती है। जैसे-जैसे उनके रास्ते मिलते हैं, एक भूला हुआ अतीत फिर से जागता है और एक अद्वितीय यात्रा का आरंभ होता है। देखिए 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी , इस 16 जून 2025 से सिर्फ सन नियो पर। यह सिर्फ एक शो नहीं एक आध्यात्मिक, रहस्यमयी और प्रेमपूर्ण अनुभव है।






# बीवी के सामने विक्की जैन ने पकड़ा मीरा चोपड़ा का हाथ

## आगबबूला हुईं अंकिता लोखंडे



टीवी के जाने-माने कपल अंकिता लोखंडे और विक्की जैन अक्सर किसी ना किसी वजह से सुर्खियों में रहते हैं। दोनों को कई बार रियलिटी शोज और पब्लिक इवेंट्स में साथ देखा गया है, जहां उनकी कैमिस्ट्री लोगों को खूब पसंद आती है। लेकिन इस बार एक ऐसा वीडियो सामने आया है जिसने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। हाल ही में मुंबई में एक स्टार-स्टडेड इवेंट हुआ जिसमें मनोज बाजपेयी, गौहर खान समेत कई सितारे पहुंचे। इसी इवेंट में अंकिता लोखंडे और उनके पति विक्की जैन भी मौजूद थे। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा बटोर रहा है एक वीडियो, जिसमें विक्की जैन को मीरा चोपड़ा के साथ बातचीत करते हुए देखा गया। वीडियो में विक्की जैन, प्रियंका चोपड़ा की कजिन मीरा चोपड़ा से गंभीर बात करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने मीरा का हाथ भी थाम रखा था और दोनों के बीच कुछ सीरियस बातचीत हो रही थी। इस दौरान अंकिता लोखंडे पास ही खड़ी थीं और वह लगातार अपने पति विक्की को देख रही थीं। जब विक्की, अंकिता के पास गए तो उन्होंने इशारे में पूछा कि क्या हुआ। साथ ही वह मीरा चोपड़ा की तरफ भी लगातार देखती रहीं। इस वीडियो के सामने आते ही लोगों ने अलग-अलग रिएक्शन देने शुरू कर दिए। कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने इसे बिग बॉस 17 की याद दिलाने वाला बताया, जहां अंकिता और विक्की के बीच अक्सर झगड़े और गलतफहमियां देखने को मिलती थीं। एक यूजर ने लिखा, "अंकिता का वही पुराना रिएक्शन फिर से दिखा।" एक और ने कहा, "अरे अब तो तू गया बेटा।" वहीं कुछ ने कहा, "उसके चेहरे पर जलन साफ दिख रही है।" हालांकि, कुछ लोग ऐसे भी थे जिन्होंने ट्रोलिंग को गलत बताया। एक यूजर ने कहा, "शायद विक्की मीरा को उनके रिश्तेदार के निधन की खबर दे रहे थे। ऐसे में गलतफहमी नहीं फैलानी चाहिए।" दरअसल, मीरा और मनारा चोपड़ा कजिन्स हैं और हाल ही में मनारा के पिता का निधन हुआ था।

# भारत की नाक में दम करने वाला 'बूढ़ा अंग्रेज' पहली बार नहीं दिखेगा

एजेंसी ● नई दिल्ली

नई दिल्लीः शुभमन गिल की अगुवाई वाले अनुभवहीन भारतीय बल्लेबाजी क्रम को जेम्स एंडरसन का नाम इंग्लैंड की टीम में नहीं देखकर राहत मिली होगी। पिछले दो दशक में यह तेज गेंदबाज निरंतर रूप से भारत-इंग्लैंड प्रतिद्वंद्विता का हिस्सा रहा है। भारत के खिलाफ 2006 में एंडरसन की पहली श्रृंखला से लेकर 2024 में आखिरी श्रृंखला तक इस महान तेज गेंदबाज ने भारतीय बल्लेबाजों को हमेशा परेशान किया। साल 2000 के दशक के अंत में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के साथ उनका संघर्ष हो या पिछले दशक में विराट कोहली के साथ कहीं अधिक रोमांचक मुकाबला, ये सभी यादें लोगों के दिमाग में ताजा हैं।

कोहली और एंडरसन दोनों अब टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड चोटिल हैं जिससे इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स लीड्स में गेंदबाजी की शुरूआत के लिए रिकॉर्ड 704 टेस्ट विकेट चटकाने वाले एंडरसन से गेंदबाजी कराने की कल्पना कर सकते हैं। अगर एंडरसन अपनी विदाई के 12 महीने बाद काउंटी क्रिकेट में वापसी करके संघर्षरत लंकाशर को उबार सकते हैं तो भरोसा करें कि वह इंग्लैंड के कमजोर आक्रमण के लिए भी ऐसा कर सकते हैं। ऐसा होने की संभावना नहीं है लेकिन अपने 21 साल के करियर में अपने प्रदर्शन के दम पर एंडरसन ने भारत-इंग्लैंड क्रिकेट इतिहास में खुद को अमर कर लिया है।दोनों टीम के बीच टेस्ट सीरीज की ट्रॉफी को जेम्स एंडरसन और सचिन तेंदुलकर का नाम दिया गया है। एंडरसन ने तेंदुलकर को टेस्ट क्रिकेट में नौ बार आउट किया है। एंडरसन ना केवल उम्र को चुनौती देते हुए लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते रहे बल्कि उनके करियर की खासियत लगातार सटीक गेंदबाजी और गेंद को दोनों तरफ स्विंग करने की क्षमता पर बेहतरीन नियंत्रण रहा।



2006 से कर रखा था जीना हराम

एंडरसन 2014 की श्रृंखला में कोहली की ऑफ स्टंप के आसपास की कमजोरी का फायदा उठाने में सफल रहे जबकि चार साल बाद कोहली ने अपनी मानसिक कमजोरी पर काबू पाकर लंबे प्रारूप में दुनिया के सबसे सफल तेज गेंदबाज पर ह्यदबदबाह्ल बनाया।शुक्रवार को लोकेश राहुल और यशस्वी जायसवाल की संभावित भारतीय सलामी जोड़ी के सामने एक चुनौती कम होगी कि उन्हें नई ड्यूक्स गेंद के साथ एंडरसन गेंदबाजी नहीं कर रहे होंगे। भारत के खिलाफ 39 टेस्ट मैच में एंडरसन ने 25.47 की शानदार औसत से 149 विकेट चटकाए। भारत में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों को संघर्ष करना पड़ा लेकिन एंडरसन ने अपने कौशल की बदौलत विपरीत परिस्थितियों में 17 टेस्ट मैच में 44 विकेट लिए। इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज निक नाइट ने कहा कि कोहली और रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में भारतीय बल्लेबाजी क्रम एंडरसन को मैदान से बाहर देखकर खुश होगा लेकिन इंग्लैंड ने भविष्य को देखते हुए सही फैसला किया।नाइट ने कहा, ह्यइंग्लैंड अब आगे बढ़ेगा और उनके पास बहुत सारे प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, बहुत सारी क्षमताएं हैं। लेकिन मुझे पूरा यकीन है कि भारत अब उनके संन्यास से खुश होगा।ह्ल उन्होंने कहा, ह्यऔर मुझे लगता है कि भारत ने जो पिछली सीरीज (इंग्लैंड में) जीती थी, वह 2007 में थी, शायद जिमी उस सीरीज का भी हिस्सा थे। इसलिए वह लगातार खेल रहे थे।ह्लनाइट को लगता है कि ट्रॉफी का नाम बदलकर तेंदुलकर और एंडरसन के नाम पर रखने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता था। उन्होंने कहा, ह्ययह एक बहुत ही बढ़िया सम्मान है और जिमी एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए सही समय है। ऐसी प्रतिष्ठित श्रृंखला में ऐसा करना बिल्कुल सही है। जब जिमी पहली बार आए थे, तब मैंने उनके साथ खेला था।' नाइट ने कहा, ह्यमैं अपने करियर के आखिरी दौर में था। और वह अभी शुरूआत ही कर रहे थे। आप शुरू से ही देख सकते थे कि वह एक ऐसे खिलाड़ी थे जिनका स्विंग होती गेंद पर बहुत अच्छा नियंत्रण था।

# घर में घुसकर ढा दी लंका, सिर्फ 5.2 फीट के क्रिकेटर ने श्रीलंका में मचाई खलबली

## 7वीं बार ठोक डाले 150 रन

एजेंसी ● गॉल

बांग्लादेशी विकेटकीपर-बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ने श्रीलंका के खिलाफ गॉले में जारी टेस्ट में 150 प्लस रन की पारी खेली है। रहीम की इस शानदार पारी के दम पर बांग्लादेश विशाल स्कोर की ओर बढ़ता नजर आ रहा है। मुशफिकुर रहीम मुकाबले के दूसरे दिन बारिश के चलते खेल रोके जाने तक 159 रन बना चुके थे। इस दौरान उन्होंने 325 गेंदों का सामना करते हुए नौ चौके भी जड़े। टेस्ट करियर में ऐसा सातवीं बार है, जब इस खिलाड़ी ने 150 का आंकड़ा पार किया हो।



इससे पहले मुशफिकुर रहीम श्रीलंका के खिलाफ 200 रन (मार्च 2013), न्यूजीलैंड के खिलाफ 159 रन (जनवरी 2017), जिम्बाब्वे के खिलाफ 219* (नवंबर 2018), जिम्बाब्वे के खिलाफ 203* (फरवरी 2020), श्रीलंका के खिलाफ 175* (मई 2022) और पाकिस्तान के खिलाफ 191 रन (अगस्त 2024) की पारी खेल चुके हैं। गॉले इंटरनेशनल स्टेडियम में जारी इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला शुरूआत में बांग्लादेश पर भारी पड़ता नजर आया।


इस टीम ने 45 के स्कोर तक अपने शीर्ष-3 बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए थे। यहां से मुशफिकुर रहीम ने नजमुल शंटो के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 264 रन जोड़े। इस साझेदारी ने मेहमान टीम को मुकाबले में वापस ला दिया। नजमुल शंटो 279 गेंदों में 148 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद रहीम ने लिट्टन दास के साथ शतकीय साझेदारी करते हुए टीम को 400 के पार पहुंचा दिया। मुकाबले के दूसरे दिन बारिश के चलते खेल रोके जाने तक बांग्लादेश अपनी पहली पारी में 130.2 ओवर खेल चुकी है।

इस टीम ने चार विकेट खोकर 423 रन बनाए हैं। श्रीलंका की ओर से असिथा फर्नांडो और था-रंदु रत्नायके दो-दो विकेट ले चुके हैं। दोनों देशों के बीच यह दो मुकाबलों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज का अगला मैच कोलंबो में 25 जून से शुरू होगा। टेस्ट सीरीज के बाद दोनों देश तीन वनडे और इतने ही टी20 मुकाबलों की सीरीज खेलेंगे।

# ग्लेन मैक्सवेल कभी भी चूर-चूर कर सकते हैं रोहित शर्मा का महारिकॉर्ड, तूफानी अंदाज में कर डाली बराबरी

एजेंसी ● नई दिल्ली

मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल ने नाबाद शतक जड़ दिया। वाशिंगटन फ्रीडम की ओर से खेलते हुए मैक्सवेल ने महज 49 गेंदों में नाबाद 106 रन जड़ दिए। मैक्सवेल की इस पारी में 13 छक्के और 2 चौके शामिल रहे। इसी के साथ मैक्सवेल ने टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक जड़ने के मामले में रोहित शर्मा की बराबरी कर ली है। इन दोनों ही बल्लेबाजों ने अब तक टी20 फॉर्मेट में आठ-आठ शतक लगाए हैं।



रोहित-मैक्सवेल के अलावा टी20 क्रिकेट में इतने ही शतक माइकल क्लिंगर, डेविड वॉर्नर, जोस बटलर और आरोन फिंच के भी नाम हैं। इस लिस्ट में सर्वाधिक 22 शतकों के साथ क्रिस गेल टॉप पर हैं। सबसे ज्यादा टी20 शतक जड़ने के मामले में यह सभी बल्लेबाज संयुक्त रूप से चौथे पायदान पर हैं।कैलिफोर्निया में बुधवार (भारतीय समय के अनुसार) खेले गए मुकाबले में वाशिंगटन फ्रीडम की टीम ने लॉस एंजिल्स नाइटराइडर्स के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। वाशिंगटन फ्रीडम ने महज 10 रन पर रचिन रविंद्र का विकेट गंवा दिया। रचिन से टीम को खासा उम्मीदें थीं, लेकिन वह महज आठ रन ही बना सके। इसके बाद मिशेल ओवेन (32), एंड्रीस गौस (12), जैक एडवर्ड्स (11) और मार्क चैपमैन (17) भी आउट हो गए।

आलम ये रहा कि टीम 92 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गंवा चुकी थी। यहां से कप्तान ग्लेन मैक्सवेल ने ओबस पिएनार के साथ मिलकर टीम को ना सिर्फ संभाला, बल्कि विशाल स्कोर तक भी पहुंचा दिया। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 116 रन की अटूट साझेदारी हुई, जिसने टीम को 208/5 के स्कोर तक पहुंचा दिया। मैक्सवेल ने 49 गेंदों में ताबड़तोड़ 106 रन जड़े, जबकि ओबस पिएनार ने 15 बॉल में नाबाद 14 रन बनाए। लॉस एंजिल्स नाइटराइडर्स की ओर से कॉर्न ड्राई और तनवीर सांघा ने दो-दो विकेट झटके। इनके अलावा जेसन होल्डर ने एक विकेट अपने नाम किया।

# भारत -इंग्लैंड टेस्ट इतिहास में 2 बल्लेबाजों के नाम 'तिहरा शतक, एक तो बल्ले पर स्कोर लिखकर खेलता था

एजेंसी ● हेडिंग्ले

भारत और इंग्लैंड के बीच साल 1932 में पहला टेस्ट मैच खेला गया था, जिसके बाद से दोनों देश अब तक 136 टेस्ट मुकाबलों में आमने-सामने रहे हैं। क्या आप जानते हैं कि करीब 93 सालों के इतिहास में सिर्फ दो ही बल्लेबाज ऐसे हैं, जिन्होंने भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच में तिहरा शतक जड़ा है। जी हां! इनमें एक इंग्लिश खिलाड़ी, जबकि एक भारतीय क्रिकेटर है।भारत और इंग्लैंड के बीच यह मुकाबला 26-31 जुलाई 1990 को खेला गया था। इस मैच में इंग्लैंड की टीम पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी और उसने 141 के स्कोर तक अपने दो विकेट गंवा दिए। ग्राहम गूच इंग्लैंड की इस टीम के कप्तान थे। वह बतौर सलामी बल्लेबाज मैदान पर उतरे थे। 36 रन पर विकेट के पीछे मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए कप्तानी की जिम्मेदारी अपने कंधों पर लेकर उन्होंने एलन लैंब के साथ मिलकर टीम को संभाला। दोनों खिलाड़ियों के बीच तीसरे विकेट के लिए 308 रन की साझेदारी हुई। ग्राहम गूच ने 628 मिनट बल्लेबाजी की।

इस दौरान उन्होंने 485 गेंदों का सामना करते हुए तीन छक्कों और 43 चौकों की मदद से 333 रन बनाए, जबकि लैंब ने 187 बॉल में 139 रन की पारी खेली। इनके अलावा रॉबिन स्मिथ ने नाबाद 100 रन जड़े। इंग्लैंड ने अपनी पारी 653/4 के स्कोर पर घोषित की। इसके जवाब में भारत ने अपनी पहली पारी में रवि शास्त्री (100) और कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन (121) के दम पर 454 रन बनाए। इंग्लैंड ने अगली पारी 272/4 के स्कोर पर घोषित की। मगर दूसरी इनिंग में टीम इंडिया महज 224 रन पर सिमट गई। इसी के साथ इंग्लैंड ने मुकाबला 247 रन से अपने नाम कर लिया। बाद में ग्राहम गूच के बल्ले पर 333 नंबर पर लिखा मिलता था।चेन्नई में यह मुकाबला 16-20 दिसंबर 2016 को खेला गया। मेहमान इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 477 रन बनाए, जिसके जवाब में भारत ने अपनी पहली पारी 759/7 के स्कोर पर घोषित की। भारत को इस विशाल स्कोर तक पहुंचाने में केएल राहुल और करुण नायर का बड़ा योगदान था। केएल राहुल ने 311 गेंदों में 199 रन बनाए, जबकि नायर ने 381 गेंदों में नाबाद 303 रन जड़ दिए। करुण नायर की यह पारी 565 मिनट तक चली।इस दौरान उन्होंने चार छक्के और 32 चौके लगाए। विशाल स्कोर का दवाब इंग्लैंड पर नजर आया। यह टीम अपनी दूसरी पारी में महज 207 रन पर सिमट गई। इस पारी में रविंद्र जडेजा को सात विकेट हाथ लगे। इसी के साथ भारत ने मुकाबला पारी और 75 रन से जीत लिया। करुण नायर मौजूदा इंग्लैंड दौरे में भी भारतीय टीम का हिस्सा हैं।

# आगामी तीसरे सत्र के लिए दो नई फ्रेंचाइजी विश्व पैडल लीग में शामिल

## भारतीय पैडल महासंघ द्वारा समर्थित यह लीग 12 से 16 अगस्त के बीच नेस्को सेंटर में होने वाली है

**मुंबई।** इस साल फरवरी में भारत में सफल शुरूआत करने के बाद, विश्व पैडल लीग (डब्ल्यूपीएल) ने अपने तीसरे सत्र की वापसी की घोषणा की। भारतीय पैडल महासंघ द्वारा समर्थित यह लीग 12 से 16 अगस्त के बीच नेस्को सेंटर में होने वाली है। आगामी सत्र में, डब्ल्यूपीएल चार फ्रेंचाइजी से बढ़कर छह हो जाएगी, जिसमें दो नई टीमें शामिल होंगी। आगामी सत्र में मुंबई के बीचों-बीच पांच दिनों तक एक्शन से भरपूर मैच होने का वादा किया गया है, जिसमें शीर्ष वैश्विक पैडल खिलाड़ी शामिल होंगे। आगामी सीजन के लिए उत्साह व्यक्त करते हुए, वर्ल्ड पैडल लीग की सह-संस्थापक हेमाली शर्मा ने कहा, भारत में पैडल का विकास देखने लायक रहा है। हमारे पिछले संस्करण के सिर्फ. छह महीने बाद, डब्ल्यूपीएल का सीजन 3 एक बड़ी उपलब्धि है क्योंकि हम प्रतियोगिता के पैमाने का विस्तार कर रहे हैं और खेल के लिए नए मानक स्थापित कर रहे हैं। भारत पैडल के लिए एक उच्च-संभावित विकास केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है। हमारी महत्वाकांक्षा खेल को बढ़ावा देने से कहीं आगे जाती है क्योंकि हमारा लक्ष्य एक गतिशील, विश्व स्तरीय खेल अनुभव तैयार करना है जो अनुभवी प्रशंसकों और पहली बार दर्शकों को समान रूप से आकर्षित करे।₹ भारतीय पैडल महासंघ की अध्यक्ष स्नेहा अब्राहम सहगल ने कहा, ₹विश्व पैडल लीग ने भारत में पैडल की दृश्यता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। खिलाड़ियों, क्लबों और बुनियादी ढांचे के निवेश के बढ़ते पारिस्थितिकी तंत्र के साथ, देश इस क्षेत्र में पैडल का प्रमुख गंतव्य बनने के लिए तैयार है। डब्ल्यूपीएल जैसी पहल अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं को स्थानीय जुड़ाव के साथ जोड़ती है, जिससे नवोदित खिलाड़ियों को अपने खेल को वैश्विक मानकों के बराबर बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। हमें लीग को अपना निरंतर समर्थन देने में खुशी हो रही है।₹ नेस्को सेंटर में आयोजित पिछले संस्करण में एसजी पाइपर्स चीता ने रोमांचक फाइनल में वर्नोस्ट जगुआर को हराकर खिताब जीता था। दो नई टीमों के शामिल होने से, सीजन 3 विश्व स्तरीय खेल और हाई-वोल्टेज मनोरंजन का एक गतिशील मिश्रण होने का वादा करता है।



# आरिना सबालेंका ने सरेआम मांगी माफी, फ्रेंच ओपन में कोको गॉफ पर की थी गलत टिप्पणी

बर्लिनः आरिना सबालेंका ने कहा कि उन्होंने कोको गॉफ को पत्र लिखकर फ्रेंच ओपन के फाइनल में अपनी अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी से हारने के बाद की गई ह्यगैर पेशेवरह्ल टिप्पणियों के लिए माफी मांगी है। वर्ल्ड नंबर-1 सबालेंका ने कहा कि इस महीने रोलां गैरो पर उनके खिलाफ गॉफ की 6-7, 6-2, 6-4 की जीत के बाद उनकी टिप्पणी एक गलती थी। पेरिस में मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में सबालेंका ने कहा था कि यह परिणाम गॉफ के प्रदर्शन की तुलना में उनकी अपनी गलतियों के कारण अधिक था।



सबालेंका ने अब कहा है, ह्ययह मेरे लिए पूरी तरह से गैर पेशेवर था। मैंने अपनी भावनाओं को खुद पर हावी होने दिया। उस समय मैंने जो कुछ भी कहा उसके लिए मुझे बहुत खेद है। आप जानते हैं कि हम सभी गलतियां करते हैं। मैं भी एक इंसान हू जो अब भी जीवन में सीख रहा है। ब्रिटिश वाइल्ड कार्ड एंट्री डैन इवांस ने दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांसिस टियाफो को 7-5, 6-2 से हराकर 2021 के बाद से क्वींस क्लब टेनिस टूनार्मेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। विश्व में 199वें नंबर के खिलाड़ी इवांस ने कहा, ह्यमुझे विश्वास है कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं। लेकिन इस पर विश्वास करना और ऐसा होना दोनों अलग चीज हैं। पहले राउंड में जीत दर्ज करने वाले अन्य खिलाड़ियों में चौथी वरीयता प्राप्त होल्गर रूणे और आठवीं वरीयता प्राप्त याकुब मेंसिक शामिल थे।

# भारत को फंसाने के लिए पहले टेस्ट में ऐसी पिच चाहती है इंग्लैंड टीम

एजेंसी ● लीड्स

भारतीय टीम को इंग्लैंड से उसके ही मैदान पर लोहा लेना है। इस बीचलीड्स के मैदान प्रमुख रिचर्ड रॉबिन्सन ने कहा है कि यहां असामान्य रूप से शुष्क मौसम और इंग्लैंड की आक्रामक खेल शैली ने शुक्रवार से भारत के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए ह्यअच्छी सतहह्ल की उम्मीदें बढ़ा दी हैं। लीड्स आमतौर पर किसी सीरीज के बीच में टेस्ट मैच की मेजबानी करता है लेकिन यहां शुरूआती मैच के आयोजन ने बहुत अधिक ध्यान आकर्षित किया है।

रॉबिन्सन ह्यईएसपीएनक्रिकइन्फोह्ल से कहा, ह्यवे (इंग्लैंड) बस एक अच्छी सतह चाहते हैं, ताकि हम गेंद की लाइन पर हिट कर सकें। वे यही चाहते हैं।ह्ल रॉबिन्सन को उम्मीद है कि शुरूआती दिन पिच तेज गेंदबाजों की मदद करेगी लेकिन अपेक्षित गर्मी के कारण सपाट हो जाएगी। पिच ना केवल इंग्लैंड की बैजबॉल शैली (हर हाल में आक्रामक होकर खेलने की शैली) के अनुकूल होगी बल्कि यह अनुभवहीन भारतीय बल्लेबाजी क्रम को भी मुकाबले में बने रहने का अधिक मौका देगी। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम में केएल राहुल सबसे सीनियर खिलाड़ी होंगे जिन्हें एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों में अपने साधारण रिकॉर्ड को देखते हुए काफी कुछ साबित करना होगा। बल्लेबाजी क्रम में यशस्वी जायसवाल भी शामिल हैं जो सीनियर टीम के साथ इंग्लैंड के अपने पहले दौरे पर आए हैं।करुण नायर ने पिछली बार 2017 में टेस्ट मैच खेला था। भारतीय टीम सोमवार को यहां पहुंची जबकि इंग्लैंड ने हेडिंग्ले में एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जहां दिन के दौरान पिच को ढककर रखा गया था। भारत ने पिछले दो दशक में यहां बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेला है। टीम को 2021 में यहां अपने पिछले मैच में पारी की हार का सामना करना पड़ा था।






फ्रांस के ग्रेवलाइन्स में प्रवासियों और शरण चाहने वालों का एक समूह यू.के. की ओर जाने वाली एक छोटी नाव पर ठूंस-ठूंस कर भरा हुआ है। जो एक बड़े जहाज की ओर जाता हुआ।

## शॉर्ट न्यूज

### हमारे लिए आतंक से लड़ रहा इजराइल

**टोरंटो।** ईरान के खिलाफ जंग में इजरायल को अब जर्मनी का भी समर्थन मिलता नजर आ रहा है। जर्मनी का कहना है कि यह 'गंदा काम' इजरायल 'सभी' के लिए कर रहा है। साथ ही उन्होंने ईरान शासन पर भी सवाल उठाए हैं। शुक्रवार को इजरायल ने ईरान में परमाणु ठिकानों समेत कई जगहों पर एयर स्ट्राइक की थी। खबरें थीं कि इजरायल, ईरान के सर्वोच्च नेता के खिलाफ भी अभियान की तैयारी में था, जिसे बाद में अमेरिका की तरफ से रोक दिया गया था। टाइम्स ऑफ इजरायल की एक रिपोर्ट के अनुसार, जर्मन टीवी ब्रॉडकास्टर जेडडीएफ से बातचीत में जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा, 'यह वो गंदा काम है, जो इजरायल हम सभी के लिए कर रहा है।

### आज मिलेगा शैलो वाटर क्राफ्ट आईएनएस अर्णाला

**विशाखापट्टनम।** देश के पहले एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट आईएनएस अर्णाला का आज कमीशन होगा। भारतीय नौसेना विशाखापट्टनम के नेवी डॉकयार्ड में कमीशन करेगी। कार्यक्रम में चीफ गेस्ट CDS जनरल अनिल चौहान हैं। महाराष्ट्र के वसई के ऐतिहासिक अर्णाला किले के नाम पर इसे यह नाम दिया गया है। यह जहाज हिंद महासागर में नौसेना की दमदार मौजूदगी के लिए डिजाइन किया गया है। जो उथले पानी में दुश्मन पनडुब्बियों का पता लगाने, ट्रैक और डिएक्टिवेट करेगा। आईएनएस अर्णाला को 8 मई को भारतीय नौसेना को सौंपा गया था। हालांकि यह कमीशनिंग सेरेमनी 16 एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी कैटेगरी के जहाजों में से पहले जहाज को भारतीय नौसेना में औपचारिक रूप से शामिल करने का प्रतीक है।

### ट्रंप ने कहा- बिना शर्त सरेंडर.. खामेनेई गरजे- कोई रहम नहीं

**वॉशिंगटन।** ईरान और इजरायल जंग के बीच भीषण जंग चल रही है। इजरायल की राजधानी तेल अवीव पर ईरान ने हाइपरसोनिक मिसाइलों से हमला कर कहर बरपा दिया है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने आज कहा कि इजरायल पर नवीनतम हमले के दौरान हाइपरसोनिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया था। दोनों देशों के बीच लड़ाई छठे दिन में प्रवेश कर गई है। इधर इजरायल की वायु सेना ने भी कहा है कि उन्होंने तेहरान में फिर से कई क्षेत्रों को निशाना बनाया है। दोनों कट्टर दुश्मनों के बीच एक दूसरे पर हमले की ताजा फेज तब शुरू हुई जब इस युद्ध को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लगातार बयान आ रहे हैं। ट्रंप ने ईरान से बिना शर्त सरेंडर करने को है।

### अमेरिका में रह रहे अवैध प्रवासियों पर ऐक्शन लो, वरना यात्रा प्रतिबंध लगा देंगे

# ट्रंप ने अब इन 36 देशों को दिया 60 दिन का अल्टीमेटम

**वॉशिंगटन ● एजेंसी**

**प्रतिबंध**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार ने 36 देशों को एक सख्त चेतावनी जारी की है। ट्रंप ने कहा है कि इन देशों को अपनी यात्रा दस्तावेजों की जांच प्रक्रिया में सुधार लाने और अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे अपने नागरिकों की स्थिति को संबोधित करने के लिए तत्काल कदम उठाने होंगे। इन देशों को बुधवार तक अपनी कार्रवाई योजना प्रस्तुत करने का समय दिया गया है। इसके बाद, 60 दिनों के भीतर उस योजना पर कार्रवाई करनी होगी अन्यथा उनके नागरिकों पर अमेरिका में प्रवेश पर प्रतिबंध लग सकता है।अमेरिकी विदेश मंत्रालय द्वारा भेजे गए एक गोपनीय दस्तावेज के अनुसार, इन 36 देशों में से 25 अफ्रीकी हैं, जिनमें नाइजीरिया, लाइबेरिया, इथियोपिया, जिम्बाब्वे, घाना और मिस्र जैसे पारंपरिक अमेरिकी साझेदार भी शामिल हैं। मिस्र और जिबूती जैसे देशों के साथ अमेरिका के सैन्य संबंध भी हैं। वहीं, सीरिया और कांगो, जिन्हें पहले बैन से बाहर रखा गया था, उन्हें भी इस नई सूची में शामिल कर लिया गया है। दस्तावेज में कहा गया है कि इन देशों को 60 दिनों के भीतर अमेरिकी चिंताओं को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे, अन्यथा अगस्त तक उनके नागरिकों पर पूर्ण या आंशिक यात्रा प्रतिबंध लागू हो सकता है।



### 60 दिनों के भीतर अपनी प्रक्रियाओं में सुधार करें

विदेश विभाग द्वारा भेजे गए एक गोपनीय डिप्लोमैटिक केबल में दुनियाभर में स्थित अमेरिकी दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों को निर्देश दिया गया है कि वे इन देशों की सरकारों से बात कर यह जानें कि वे अमेरिकी चिंताओं को लेकर कितनी गंभीरता से काम करने को तैयार हैं। अमेरिका चाहता है कि ये देश 60 दिनों के भीतर अपनी प्रक्रियाओं में सुधार करें, अन्यथा उन्हें मौजूदा ट्रैवल बैन लिस्ट में शामिल किया जा सकता है, जिसमें फिलहाल 12 देश शामिल हैं। विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने गोपनीय दस्तावेज के विवरण पर टिप्पणी करने से इनकार किया, लेकिन यह स्वीकार किया कि अमेरिका चाहता है कि अन्य देश अपनी पासपोर्ट जांच प्रक्रियाओं को मज़बूत करें, अपने अवैध नागरिकों को वापस लेने में सहयोग करें, और यह सुनिश्चित करें कि उनके नागरिक अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा न हों।

### उन्हें अपना सिस्टम बदलना होगा- US

ब्रूस ने कहा, "हम एक तय समय देने जा रहे हैं, जिसमें अगर देश हमें यह नहीं दिखा सके कि उनकी प्रक्रिया पर हमें भरोसा किया जा सकता है, तो उन्हें अपना सिस्टम बदलना होगा, अपडेट करना होगा, ताकि हमें यह भरोसा हो सके कि उनकी जानकारी पर हम निर्भर कर सकते हैं।" हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि यदि कोई देश प्रतिबद्धता जताता है और सुधार की दिशा में काम कर रहा है लेकिन 60 दिनों के भीतर निर्धारित मानकों को पूरा नहीं कर पाता, तो उस पर प्रतिबंध लगेगा या नहीं।

## अमरनाथ यात्रा मार्ग पर 1 जुलाई से नहीं उड़ेंगे ड्रोन

**श्रीनगर ● एजेंसी**

**फैसला**

अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता बनाने के लिए जम्मू-कश्मीर सरकार ने पूरे यात्रा मार्ग को 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित किया है। यह फैसला पहलगाम हमले को ध्यान में रखकर लिया गया है। इसके तहत अमरनाथ यात्रा के पहलगाम और बालटाल वाले दोनों रास्तों पर हर तरह के हवाई उपकरण- ड्रोन, यूएवी, और गुब्बारे प्रतिबंधित रहेंगे। यह फैसला 1 जुलाई से 10 अगस्त तक प्रभावी रहेगा।

अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से 9 अगस्त तक चलेगी। हालांकि, ये प्रतिबंध मेडिकल इवैक्युएशन, आपदा प्रबंधन और सुरक्षा बलों की तरफ से की जा रही निगरानी उड़ानों पर लागू नहीं होंगे। इनके लिए एक अलग स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) जल्द ही जारी की जाएगी। पहलगाम रूटः इस रूट



से गुफा तक पहुंचने में 3 दिन लगते हैं, लेकिन ये रास्ता आसान है। यात्रा में खड़ी चढ़ाई नहीं है। पहलगाम से पहला पड़ाव चंदनवाड़ी है। ये बेस कैंप से 16 किमी दूर है। यहां से चढ़ाई शुरू होती है। तीन किमी चढ़ाई के बाद यात्रा पिस्सू टॉप पर पहुंचती है। यहां से पैदल चलते हुए शाम तक यात्रा शेषनाग पहुंचती है। ये सफर करीब 9 किमी का है। अगले दिन शेषनाग से यात्री पंचतरणी जाते हैं। ये शेषनाग से करीब 14 किमी है। पंचतरणी से गुफा सिर्फ 6 किमी रह जाती है। बालटाल रूटः अगर वक्त कम हो, तो बाबा बर्फानी के दर्शनों के लिए बालटाल रूट सबसे मुफीद है। इसमें सिर्फ 14 किमी की चढ़ाई चढ़नी होती है, लेकिन एकदम खड़ी चढ़ाई है। इसलिए बुजुर्गों को इस रास्ते पर दिक्कत होती है। इस रूट पर रास्ते संकरे और मोड़ खतरे भरे हैं।

## मेलोनी : बोलीं- इटली-भारत गहरी दोस्ती से बंधे

**टोरंटो ● एजेंसी**

कनाडा के अल्बर्टा प्रांत के कननास्किस में तीन दिनों तक चले G7 समिट का समापन हो गया है। पहले दिन वन-टु-वन बातचीत, दूसरे दिन राउंड टेबल मीटिंग और तीसरे दिन आउटरीच सेशन में सदस्य देश गेस्ट लीडर्स से मिले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गेस्ट नेशन के तौर पर समिट का हिस्सा बने। इस दौरान उन्होंने कई वर्ल्ड लीडर्स से मुलाकात की। कनाडा के PM मार्क कार्नी ने मोदी का वेलकम किया। PM मोदी इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से भी मिले। दोनों नेता मुस्कुराते नजर आए। M मोदी के साथ पोस्ट शेयर करते हुए मेलोनी ने लिखा- इटली और भारत, एक गहरी दोस्ती



से जुड़े हुए हैं। मोदी ने लिखा- प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी मैं आपसे पूरी तरह सहमत हूं। भारत और इटली की दोस्ती लगातार मजबूत होती रहेगी, जिससे हमारे लोगों को बहुत फायदा मिलेगा।

### स्पेस स्टेशन की हो रही मरम्मत

# फिर टली शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा, अब 22 को भरेंगे उड़ान

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

**लॉन्चिंग**

भारत के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को स्पेस में ले जाने के लिए तैयार एक्सियॉम मिशन-4 की लॉन्चिंग को एक बार फिर स्थगित कर दिया गया है। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने इसका जानकारी दी। नासा ने बताया कि यह निर्णय अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) में आवश्यक मरम्मत कार्यों के कारण लिया गया है। अब यह मिशन 22 जून, 2025 को लॉन्च किया जाएगा। नासा के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर कुछ तकनीकी समस्याओं का समाधान करने के लिए अतिरिक्त समय की आवश्यकता है। ये मरम्मत कार्य स्टेशन की कार्यक्षमता और चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। एक्सियॉम-4 मिशन निजी अंतरिक्ष यात्रियों को आईएसएस तक ले जाने वाला एक महत्वपूर्ण कदम है।इससे पहले कई बार इस मिशन की लॉन्चिंग स्थगित हो चुकी है। फाल्कन-9 रॉकेट में लिक्विड ऑक्सीजन लीक को सफलतापूर्वक ठीक कर लिए जाने के बाद इस मिशन को कल यानी 19 जून को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भेजने की तैयारी थी। अब यह मिशन फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए 22 जून को उड़ान भरेगा।



### क्यों खास है ये मिशन?

एक्सियॉम-4, नासा और एक्सियॉम स्पेस के बीच साझेदारी का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य निजी अंतरिक्ष यात्रा को बढ़ावा देना और आईएसएस पर वैज्ञानिक रिसर्च को आगे बढ़ाना है। इस मिशन में भारत के शुभांशु शुक्ला सहित चार अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं, जो आईएसएस पर लगभग दो सप्ताह तक रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे और अंतरिक्ष स्टेशन पर चल रहे अनुसंधानों में योगदान देंगे।इस मिशन पर नासा की भूतपूर्व अंतरिक्ष यात्री एवं एक्सिओम स्पेस में मानव अंतरिक्ष उड़ान की निदेशक पैगी व्हिटसन वाणिज्यिक मिशन की कमान संभालेंगी, जबकि शुक्ला पायलट के रुप में काम करेंगे।

### देरी के कारण

नासा ने बताया कि आईएसएस पर कुछ उपकरणों में तकनीकी खराबी की पहचान की गई है, जिसके लिए मरम्मत कार्य आवश्यक है। इन मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता दी गई है ताकि अंतरिक्ष स्टेशन पूरी तरह से परिचालन के लिए तैयार रहे। यह देरी मिशन की सुरक्षा और सफलता को सुनिश्चित करने के लिए की गई है। नासा और स्पेसएक्स की टीमें इस दौरान लॉन्च की तैयारियों को अंतिम रुप देने में भी जुटी रहेंगी।इससे पहले एक्सिओम अंतरिक्ष मिशन को 11 जून को फ्लोरिडा में स्थित अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया जाना था, लेकिन पहले स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट में ईंधन के रिसाव के कारण और फिर आईएसएस के रुसी खंड में रिसाव के कारण इसे टालना पड़ा। अंतरिक्ष यात्रियों को मूलतः 29 मई को अंतरिक्ष में भेजा जाना था, फिर 10 जून और इसके बाद 11 जून और फिर 19 जून तक के लिए टाल दिया था। अब 22 जून की तैयारी है।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक** - दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।

**संपादक**- दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)